INS ACCREDITED
यूनिकॉम
unicomadvertising.com

प्रेरणास्रोत पूज्यनीय राजनलाल गौतम जी
सांध्य दैनिक
# यूनिक समय
RNI-UPHIN/2023/85053

डीएवीपी द्वारा मान्यता प्राप्त : DAVP-: 134220
डाक पंजीकृत संख्या मथुरा 071/2026–28

Sweety BY MR GROUP Presents
Unique Samay Update
uniquesamay.com

वर्ष-3 | अंक-355 | मथुरा, बुधवार, 18 फरवरी 2026 | पेज-12 | 5 रुपया | www.facebook.com/uniquesamay | X.com/Theuniquesamay | www.linkedin.com/in/uniquesamay

## बांके बिहारी मंदिर में हाई पावर्ड कमेटी और सेवायतों के बीच ठनी

# गर्भगृह में ताला लगाने पर श्रद्धालुओं का भारी हंगामा


सेवायतों के तीखे विरोध के बाद गर्भगृह के बाहर लगे ताले और रेलिंग को हटाते कर्मचारी।


गर्भगृह का ताला खुल जाने के बाद हर्ष जताते हुए श्रद्धालु।


गले में जंजीर डाल जयकारे लगाते और हर्ष जताते हुए श्रद्धालु।

### श्रद्धालुओं ने भी सेवायतों के साथ मिलकर हाई पावर्ड कमेटी और शासन के खिलाफ नारेबाजी की

### भारी विरोध के चलते हाई पावर कमेटी ने खुलवाया ताला


गर्भगृह का ताला खुल जाने के बाद जयकारे लगाकर हर्ष जताते हुए श्रद्धालु।

**यूनिक समय, वृंदावन।** ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में मंगलवार को हाई पावर्ड कमेटी की 12वीं बैठक के बाद उपजा विवाद बुधवार को उस समय गहरा गया, जब मंदिर के गर्भगृह पर ताला लगा दिया गया। कमेटी द्वारा परंपराओं के विपरीत ठाकुर जी को जगमोहन में विराजमान कराने और फिर गर्भगृह को बंद करने के निर्णय का सेवायत गोस्वामियों और श्रद्धालुओं ने कड़ा विरोध किया। विवाद की शुरुआत तब हुई जब कमेटी के निर्देश पर बुधवार को राजभोग सेवा के दौरान ठाकुर जी को जगमोहन में विराजमान कर भक्तों को दर्शन कराए गए। दोपहर को दर्शन बंद होने के बाद जब शयनभोग सेवायत मंदिर खोलने पहुंचे, तो उन्हें गर्भगृह पर ताला लटका मिला। सेवायत वेणु गोस्वामी ने प्रशासन पर परंपराओं को तोड़ने का आरोप लगाया। कहा कि ठाकुर जी केवल प्रमुख तीज–त्योहारों पर ही जगमोहन में दर्शन देते हैं, लेकिन कमेटी उन्हें रोजाना वहां बैठाना चाहती है। मैं समय पर पूजा के लिए उपस्थित था, लेकिन प्रशासन ने ताला लगाकर व्यवधान उत्पन्न किया। गर्भगृह के गेट पर ताला देखकर मंदिर में मौजूद भक्त आक्रोशित हो गए। श्रद्धालुओं ने प्रशासन की तुलना कंस के शासन से करते हुए कहा कि जिस तरह भगवान को वर्षों पहले कारागार में रखा गया था, आज प्रशासन उन्हें जंजीरों और तालों में बांधने की कोशिश कर रहा है। भक्तों के बढ़ते दबाव और नारेबाजी के आगे अंततः कमेटी को झुकना पड़ा और कुछ देर बाद ताला खोलकर दर्शन सुचारु किए गए। सेवाधिकारी हिमांशु गोस्वामी ने बताया कि भक्तों और सेवायतों के सामूहिक विरोध के कारण हाई पावर्ड कमेटी को अपनी हठ छोड़नी पड़ी। उन्होंने कहा कि ठाकुर जी की मर्यादाओं और परंपराओं की रक्षा के लिए भक्त हमारे साथ खड़े रहे, इसके लिए हम उनका आभार करते हैं। फिलहाल मंदिर में स्थिति सामान्य है, लेकिन प्रशासन के इस कदम ने मंदिर की प्राचीन व्यवस्थाओं और नई व्यवस्था लागू करने की कोशिशों के बीच एक बड़ी बहस छेड़ दी है।


मंदिर सेवायत देव गोस्वामी ने बताया कि गैर विधिवत और अमर्यादित रूप से ठाकुर बांके बिहारी लाल को गर्भगृह से बाहर निकालकर जगमोहन में हाई पावर कमेटी के द्वारा विराजमान किया गया। यह अमर्यादित है। हमारे आराध्य सिर्फ विशेष उत्सव और फूल बंगले के समय में ही जगमोहन से दर्शन देते है।


हिमांशु गोस्वामी ने कहा कि भक्तों और सेवायतों के सामूहिक विरोध के कारण हाई पावर्ड कमेटी को अपनी हठ छोड़नी पड़ी। वही उन्होंने बताया कि राजभोग सेवा के समय ठाकुर जी को जिस तख्त पर विराजमान किया गया उसके चारों पैर गले हुए और क्षतिग्रस्त थे। हमारे ठाकुर जी को एक खंडित तख्त पर विराजमान किया गया।


वेणु उर्फ आदित्य गोस्वामी का कहना है कि मैं सही समय के अनुसार मंदिर में मौजूद होकर ठाकुर जी की सेवा पूजा कर रहा हूं और भक्तों को विधिवत रूप से दर्शन कराना चाहता हूं, लेकिन हाई पावर कमेटी के द्वारा गर्भगृह के दरवाजे को ताले से बंद कर दिया गया है। मैं इसका पूर्ण रूप से विरोध करता हूं।

**सख्ती** — मनरेगा और वीबीजी-रामजी में हितों के टकराव पर सख्त वार

# परिजनों की फर्मों के वेंडर पंजीकरण पर पूर्ण प्रतिबंध

**विशेष संवाददाता**

**यूनिक समय, मथुरा।** प्रदेश सरकार ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) तथा विकसित भारत-रोजगार गारंटी एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) यानी वीबीजी–रामजी के अंतर्गत सामग्री आपूर्ति और सेवा प्रदायगी में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए कठोर कदम उठाया है। ग्राम्य विकास अनुभाग–6, उत्तर प्रदेश शासन की ओर से 16 फरवरी को जारी आदेश में स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया है कि योजना से जुड़े किसी भी पदाधिकारी या कर्मचारी के परिवार अथवा रिश्तेदारों द्वारा स्थापित फर्म/कंपनी को वेंडर के रूप में पंजीकृत नहीं किया जाएगा। जारी आदेश में 21 मार्च 2022 के पूर्व शासनादेश में संशोधन करते हुए यह व्यवस्था लागू की गई है कि मनरेगा और वीबीजी–रामजी के तहत मैटेरियल, ईंधन, स्टेशनरी व अन्य सामग्री अथवा सेवाओं की आपूर्ति के



लिए वेंडर पंजीकरण की प्रक्रिया को हितों के टकराव से पूर्णतः मुक्त रखा जाए। उत्तर प्रदेश सरकार ने इस संशोधन के माध्यम से साफ संकेत दिया है कि योजनाओं के क्रियान्वयन से जुड़े किसी भी स्तर पर पारिवारिक या निजी लाभ की संभावना बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निर्देश दिए गए हैं कि क्षेत्र पंचायत प्रमुख, खण्ड विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत प्रधान, ग्राम पंचायत सचिव, तकनीकी सहायक, सहायक कार्यक्रम अधिकारी, सहायक लेखाकार, कंप्यूटर ऑपरेटर, ग्राम रोजगार सेवक तथा सोशल ऑडिट से जुड़े जिला / ब्लॉक स्तरीय संसाधन व्यक्तियों (डीआरपी, बीआरपी, ब्लॉक सोशल ऑडिट कोओर्डिनेटर, जिला सोशल ऑडिट कोओर्डिनेटर आदि के परिजनों द्वारा स्थापित फर्मों को वेंडर के रूप में पंजीकृत नहीं किया जाएगा। आदेश में 'परिवार/रिश्तेदार' की परिभाषा भी स्पष्ट कर दी गई है। जिला पंचायत राज अधिनियम, 1970 की धारा 54 के अनुरूप पिता, पितामह, ससुर, चाचा, मामा, पुत्र, पौत्र, दामाद, भाई, भतीजा, भांजा, सगा चचेरा या ममेरा भाई, पत्नी का भाई, बहनोई, पति, पति का भाई, पति की बहन, पत्नी, पुत्रवधू, बहन, भाभी, माता, सास, चाची और मामी आदि को इसमें शामिल माना गया है। इस विस्तृत परिभाषा से स्पष्ट है कि शासन ने संभावित हित–संघर्ष की हर संभावना को समाप्त करने का प्रयास किया है। शासन से सभी जिलाधिकारियों/जिला कार्यक्रम समन्वयकों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने–अपने जनपदों में मनरेगा एवं वीबीजी–रामजी के अंतर्गत वेंडर के रूप में पंजीकृत फर्मों / कंपनियों की पृष्ठभूमि का पुनः परीक्षण कराएं और यदि किसी भी प्रकार का सम्बंध संबंधित पदाधिकारियों के परिवार से पाया जाए तो नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें।

यह आदेश प्रमुख सचिव ग्राम्य विकास की ओर से जारी किया गया है। प्रतिलिपि आयुक्त ग्राम्य विकास, समस्त मंडलायुक्त, मुख्य विकास अधिकारी/अपर जिला कार्यक्रम समन्वयक एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को भी भेजी गई है, जिससे प्रदेश स्तर पर एक समान अनुपालन सुनिश्चित हो सके।

विशेषज्ञों का मानना है कि यह निर्णय ग्रामीण विकास योजनाओं में पारदर्शिता, निष्पक्षता और वित्तीय अनुशासन को नई मजबूती देगा। लंबे समय से यह शिकायतें सामने आती रही थीं कि कुछ स्थानों पर प्रभावशाली लोगों के कारण सामग्री आपूर्ति में पक्षपात की स्थिति बनती है। शासन के इस स्पष्ट और कठोर निर्देश के बाद ऐसी संभावनाओं पर प्रभावी अंकुश लगने की उम्मीद है।

# फर्जी दस्तावेज पर जीएसटी चोरी करने वाले चार गिरफ्तार


फर्जी दस्तावेज से जीएसटी की चोरी के आरोप में थाना जमुना पार पुलिस की गिरफ्त में चार अभियुक्त।

**कार्यालय संवाददाता**

**यूनिक समय, मथुरा।** राज्य कर विभाग और यमुना पार पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करने के बाद फर्जी प्रपत्र के आधार पर फर्म बनाकर बोगस आईटीसी से माल की आपूर्ति करने वाले चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इनसे काफी दस्तावेज भी बरामद हुए हैं। राज्य कर अधिकारी सुबुध कुमार की टीम ने यमुना पार थाने की पुलिस टीम के साथ चेकिंग के दौरान फर्जी कागजात बनाकार माल की आपूर्ति कर भारत सरकार और राज्य सरकार का टैक्स चोरी करने वालों पर कार्रवाई की। दोनों टीमों ने इस मामले में नागेश निवासी हरीनगर, कृष्णानगर, करन निवासी धूलियागंज आगरा फोर्ट कोतवाली नगर कमिश्नरेटर, देव निवासी मौहल्ला मार गोपाल सागर कुएं के पास चित्रहाट यूर्वी आगरा व प्रशांत निवासी होटल हवेली के सामने गोवर्धन रोड जो कि मूल रूप से निगला बूढी प्रधान जी की चक्की के पास थाना न्यूआगरा को गिरफ्तार किया है। पुलिस को इनके कब्जे से 68 चेक बुक, 41 एटीएम कार्ड, चार आधार कार्ड, 8 मोबाइल फोन, आदि दस्तावेज बरामद हुए हैं।

### आसमान में छाए बादलों से फिर ठंड का अहसास


# दिन में अंधियारी छाने से पक्षी लौटे घौंसलों में

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** बुधवार को आसमान में छाए बादलों से सुबह के समय अंधियारी छा गई। आसमान में उड़ते पक्षी अपने घौंसलों की ओर लौटने लगे। बदलते मौसम को देखकर हर कोई हैरान रह गया। लोग सोचने लगे कि आखिर यह क्या हुआ। पिछले तीन–चार दिनों से मौसम एकदम साफ था। आसमान में कहीं बादल का नामोनिशान नहीं था। भगवान भास्कर भी तल्ख तेवरों के साथ गर्माहट पैदा कर रहे थे। पारा एकदम बढ़ गया था। लग रहा था कि गर्मी के दिन आ गए। होली से पहले तापमान करीब 29 डिग्री सेल्यसिस पहुंच गया। लोगों ने गर्म कपड़े शरीर से उतार दिए थे। घरों में रजाई उठाकर पलंग के अंदर और बक्सों में रखना शुरू कर दिया। लोगों के मन में संशय था कि ठंड एक बार फिर लौटकर आएगी। हुआ भी कुछ ऐसा। बुधवार को सुबह से ही मौसम बदला सा नजर आया। आसमान में छाए बादलों ने भगवान भास्कर को अपनी चपेट में ले लिया। पूर्वाह्न के समय ऐसी अंधियारी छाई, जैसे रात होने वाली हो। आसमान में उड़ते कुछ पक्षी अपने घौंसलों की ओर वापस लौटने लगे। घर के अंदर और बाहर लोगों को ठंड का अहसास होने लगा। परिवार के लोगों ने बच्चों और बुजुर्गों को फिर गर्म कपड़ों में पैक कर दिया। डॉक्टरों ने भी सलाह दे डाली कि उतरती ठंड लोगों को नुकसान दायक साबित हो सकती है। इसके लिए बचाव जरूरी है। हालांकि बदलते मौसम के कारण जुकाम, खांसी और बुखार का असर दिखाई देने लगा। मथुरा, वृंदावन, गोवर्धन, बरसाना, नंदगांव, गोकुल और बलदेव में सड़क किनारे रात और दिन जिंदगी बिताने वाले भिखारियों को ठंड का अहसास हुआ। वह ठिठुरते नजर आए, लेकिन उनको तो भगवान का ही आसरा था। कुछ समाजसेवी ऐसे लोगों को चाय पिलाने के लिए आए। मौसम विभाग के वैज्ञानिकों की मानें तो बदलते मौसम से ठंडक बढ़ सकती है। कहीं–कहीं बूंदाबांदी भी हुई।

### सुबह से ही आसमान पर छा गए बादल, बयार ने गिराया तापमान

## बादल, बयार और बूंदाबांदी से पलटा मौसम



बुधवार सुबह करीब आठ बजे आसमान में छाए बादलों से ढका सूरज।

संवाददाता

**यूनिक समय, फरह (मथुरा)।** बुधवार सुबह बादल, बयार और बूंदाबांदी से मौसम पलटी मार गया। आसमान पर छाए बादलों के साथ चली शीतल बयार से तापमान भी नीचे आ गया। मौसम के ऐसे मिजाज से किसान परेशान भी दिखाई दिए तो राहत भी जताई। सुबह से ही मौसम बदला हुआ था, आसमान पर बदली छाई होने की वजह से धूप भी सही से नहीं निकली। सुबह करीब सात बजे मध्यम गति की बयार ने मौसम में शीतलता भर दी। बयार की वजह से इधर–उधर नजर आ रहे बादल एकजुट होते दिखाई दिए। कई घंटे यह मौसम अटखेलियां करता रहा करीब 12 बजे बाद अचानक आसमान से बूंदाबांदी हो गई। वैसे, मौसम विभाग ने भी 16 और 17 फरवरी को बूंदाबांदी होने का पूर्वानुमान जारी किया था। बादल, बयार और बूंदाबांदी के संगम से तापमान भी कम हो गया। कई दिन से अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ था, लेकिन बुधवार को यह 24 डिग्री सेल्सियस पर आ गया, जबकि न्यूनतम तापमान भी नीचे खिसककर 12 डिग्री सेल्सियस पर आ गया।

### परेशान भी और राहत में भी दिखे किसान

**यूनिक समय, फरह (मथुरा)।** मौसम के ऐसे हाल को लेकर किसान परेशान तो कुछ राहत में भी दिखे। वर्तमान में सरसों कटाई का काम शुरू हो चुका है दीनदयाल धाम के किसान विजय पाठक का कहना है ऐसे में यदि तेज वर्षा होती है तो फसलों को नुकसान होगा। आलू और सरसों इसकी चॉकलेट में आएंगे। वहीं मखदूम के प्रधान राम के संग का कहना है गेहूं में अभी बोल चमक रही है 10–15 दिन और ठीक–ठाक ठंड चाहिए, जिससे गेहूं का दाना सही हो सके। उन्होंने मौसम का स्वागत भी किया।

### तापमान / मौसम

28 डिग्री सेल्सियस अधिकतम

14 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम

### सोना–चांदी भाव

**सोना**

24 कैरट 1,60,000

22 कैरट 1,47,200

(रेट प्रति 10 ग्राम में, जीएसटी समेत)

**चांदी**

2,52,000 प्रति किलो

### बैंक कर्मचारी की बाइक चोरी

**यूनिक समय, कोसीकलां।** नंदगाव रोड स्थित एक्सिस बैंक शाखा के सामने से बुधवार को बैंक कर्मचारी गौरव रोहिला की मोटरसाइकिल चोरी हो गयी। घटना उस समय हुई जब वह बैंक कार्य के दौरान अपनी बाइक बाहर खड़ी कर अंदर ड्यूटी पर था। वापस लौटने पर मोटरसाइकिल गायब मिली, जिससे बैंक कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। बाइक चोरी की वारदात सीसी टीवी कैमरे में कैद हो गई। बैंक के एक कर्मचारी की बाइक को पहले चोरी करते हुए गार्ड ने पकड़ लिया था। लेकिन इस बार बाइक चोर बाइक चोरी करने में कामयाब हो गए। बैंक कर्मचारियों में बैंक के समीप से हो रही बाइक चोरी की वारदातों से भय का माहौल है। इस मामले में पुलिस को भी शिकायत की गई है।

## योग सत्र में छात्राओं को प्राणायाम और योगासनों का अभ्यास कराया



आरसीए कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के शिविर में छात्राओं को संबोधित करती वक्ता।

**यूनिक समय, मथुरा।** आरसीए कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के कल्याणं करोति संस्था में आयोजित सात दिवसीय शिविर के द्वितीय दिवस की गतिविधियों का आयोजन किया। योग सत्र में छात्राओं ने प्राणायाम और अन्य योगासनों का अभ्यास किया। द्वितीय बौद्धिक सत्र में गायत्री परिवार राजस्थान से आई श्रीमती हेमा शर्मा ने स्वयं सेविकाओं को योग की महत्ता से परिचित कराया। उन्होंने गायत्री मंत्र की महिमा बताई। इस अवसर पर गायत्री परिवार गुजरात से सुश्री श्रीजी शर्मा, गायत्री परिवार उड़ीसा से सुश्री साधना शर्मा उपस्थित थीं। संचालन डॉ प्रतिभा ने किया। तृतीय सत्र कल्याणं करोति संस्था के विभिन्न विभागों के भ्रमण को समर्पित रहा। इस सत्र में कल्याणं करोति संस्था की अध्यापिका सुश्री सम्मानिता और सुश्री अनुष्का ने स्वयंसेविकाओं को दिव्यांग बच्चों की क्षमताओं और उनकी शिक्षा से अवगत कराया। डॉ मंजरी गुप्ता ने नेत्र परीक्षण किया। श्रीमती गुंजन का विशेष सहयोग रहा। सभी गतिविधियों का संयोजन राष्ट्रीय सेवा योजनाधिकारी डॉ प्रतिभा और सोनम यादव ने किया।

### पंखे से लटका मिला साधु का शव

**यूनिक समय, कोसीकलां।** पुलिस चौकी गढ़ी बरबारी के गाँव कामर स्थित कुंड के समीप हनुमान जी मन्दिर पर रहने वाले एक साधु का शव अपने ही कमरे में पंखे से लटका मिला। घटना की जानकारी उस वक्त हुई जब मन्दिर पर रहने वाले और साधु सुबह उठे। साधु का शव कमरे में लटका मिलने की सूचना पर पूरे गाँव में हड़कंप मच गया। गाँव के लोग मौके पर एकत्र हो गए। पुलिस को भी सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास के लोगों से जानकारी की। ग्रामीणों के आधार पर साधु की शिनाख्त बालकदास त्यागी के रूप में की गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजन इस मामले को लेकर हत्या की आशंका जता रहे है। मृतक साधु बहुत ही सरल स्वभाव के थे। जो ऐसा कृत्य नही कर सकते हैं। परिजन पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे है। थाना प्रभारी राजकमल सिंह ने बताया कि प्रथमदृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही घटना का पता चल सकेगा की उन्होंने आत्महत्या की है अथवा उनकी हत्या की गई है।

### छाता बार एसोसिएशन का चुनाव

## राजेश कुमार अध्यक्ष, सुनील कुमार सचिव बने



बार एसोसिएशन के नव निर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत करते अधिवक्ता।

**यूनिक समय, छाता (मथुरा)।** छाता में बुधवार को बार एसोसिएशन की वार्षिक चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई। परिणाम देर शाम घोषित हो गया इसमें अध्यक्ष पद सचिव पद व अन्य पदों के बीच कड़ा मुकाबला चला। वोटरों की संख्या 209 थी। इसमें से 205 लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। अध्यक्ष पद पर राजेश कुमार पालीवाल व भगत सिंह जादौन के बीच कड़ा मुकाबला चला। चुनाव अधिकारियों ने नौ राउंड में गिनती की। देर शाम परिणाम घोषित हुए इसमें राजेश कुमार पालीवाल अध्यक्ष पद पर विजयी हुए, सचिव पद के बीच सुनील कुमार पांडे और अजय चौधरी के बीच मुकाबला चला। इसमें सुनील कुमार पांडे विजयी हुए। विजयी अध्यक्ष राजेश कुमार पालीवाल ने कहा कि जूनियर एवं सीनियर अधिवक्ताओं के हित में कार्य करेंगे। इस मौके पर एडवोकेट अजय सिंह यदुवंशी आदि ने विजयी पदाधिकारियों को बधाई दी।

### दो वृद्धाओं का बीमारी से हुआ निधन

**यूनिक समय, मथुरा।** कृष्णा कुटीर वृद्धा आश्रम में रहने वाली दो वृद्धाओं का लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया। पुलिस ने दोनों वृद्धाओं को शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सुनरख के कृष्णाकुटीर वृद्धा आश्रम में वृद्धा विजय लक्ष्मी (95) और राधा नाग (75) साल काफी समय से बीमार चल रही थी। दोनों का इलाज चल रहा था। बीमारी के चलते दोनों का निधन हो गया। पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### होली को लेकर एसपी रेलवे ने जांची जंक्शन की व्यवस्थाएं

## जंक्शन पर होगी एक जोन और चार सेक्टरों में सुरक्षा

**यूनिक समय, मथुरा।** होली को लेकर एसपी रेलवे अनिल कुमार झा ने मथुरा जंक्शन रेलवे स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। सुरक्षा व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल व पीएसी को भी तैनात करने के दिए निर्देश। बृज मे होने वाली विश्व प्रसिद्ध होली की धूम शुरू हो गई है। होली पर देश विदेश तक के श्रद्धालु बृज की होली का आनंद लेने के लिए बड़ी संख्या में आते हैं। इस कारण ट्रेनों और प्लेटफॉर्म पर यात्रियों की संख्या में भारी इजाफा हो जाता है। इसी को ध्यान में रखते हुए जंक्शन रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था को कड़ा किया जा रहा है। इसके लिए अतिरिक्त पुलिस बल और पीएसी के जवानों को तैनात किया जाएगा। एसपी रेलवे ने जीआरपी थाना प्रांगण पुलिस कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिए। सीओ राजेश दीक्षित ने बताया कि होली के मद्देनजर अधिकारियों के निर्देश पर यात्रियों की सुरक्षा के लिए सभी स्टेशनों पर सुरक्षा व्यवस्था को कड़ा किया जा रहा है। इसके लिए किसी भी स्टेशन पर सर्कूलेटिंग एरिया में भीड़ को एकत्रित नहीं होने दिया जाएगा। भीड़ पर नजर रखने के लिए सीसी टीवी कैमरो की मदद ली जाएगी। मथुरा जंक्शन की सुरक्षा के लिए समूचे जंक्शन को एक जोन और चार सेक्टरों में बांट कर सुरक्षा प्लान तैयार किया गया है। शातिरों पर नजर रखने के लिए क्यूआरटी टीम का गठन किया गया है।



होली को लेकर जीआरपी के एसपी अनिल कुमार और सीओ राजेश दीक्षित मथुरा जंक्शन पर यात्रियों की सुरक्षा के लिए पुलिसकर्मियों को बैठक में निर्देश देते हुए।

## आग ने छीन ली शादी के परिवार की खुशियां

**यूनिक समय, गोवर्धन।** गांव पलसो में आज एक बहुत ही दुखद घटना घट गई घर में शादी का माहौल था, परिवार खुशियों में सराबोर था, दावत की तैयारी चल रही थी। दावत का पूरा सामान पारस में रखा जा रहा था लगभग रात के 3:00 बजे बिजली शॉर्ट सर्किट से आग लग गई जिससे बारात के खाने पीने की दावत सहित दान दहेज का सामान भी जलकर राख हो गया। आग की तेज लपटे देखकर परिवार वाले व अड़ोस पड़ोस के लोग आ गए जिन्होंने आग पर काबू पाने की कोशिश की पर वह सामान नहीं बचा पाए।

### खुशियों का माहौल बदला शोक में

सामान को जलते देख परिवार वालों में गम और शोक का माहौल है। परिवार वालों का रो–रो कर बुरा हाल है कि कल लड़की की बारात आएगी। हम बारातियों को क्या खिलाएंगे। क्या पिलाएंगे। कैसे उनका मान सम्मान करेंगे। लड़की के पिता हरिश्चंद्र ने बताया कि मेरी सालों की कमाई एक झटके में जलकर राख हो गई। अब मेरे से ना मरा जा रहा है। ना जिया जा रहा है। अब मैं क्या करूंगा। कैसे अपनी लड़की के पीले हाथ कर विदा कर पाऊंगा।

# ई-चालान ऑफिस में होमगार्ड ने लगाई फांसी

कार्यालय संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** पुलिस लाइन स्थित ट्रैफिक के ई चालान कार्यालय में नाइट ड्यूटी करने के दौरान एक होमगार्ड ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से विभाग में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर परिवार के लोग मौके पर पहुंच गए। थाना बलदेव के गांव बिरौना निवासी लाखन सिंह (42) होमगार्ड की एफ कंपनी में तैनात था। बताया गया कि उसकी ड्यूटी ट्रैफिक के ई चालान कार्यालय पर लगी थी। होमगार्ड की ड्यूटी रात को दस से छह बजे तक की थी। लाखन सिंह ने बीती रात गले में रस्सी का फंदा लगा कर आत्महत्या कर ली। होमगार्ड द्वारा आत्महत्या किए जाने का पता उस समय लगा, जब प्रातः ड्यूटी करने वाला होमगार्ड वहां पहुंचा।

### नाइट ड्यूटी पर तैनात था होमगार्ड

### घटना से विभाग में मचा रहा हड़कंप

घटना देख उसके होश उड़ गए। इस बारे में उसने उच्चाधिकारियों को सूचना दी। कुछ ही देर में होमगार्ड द्वारा ड्यूटी पर फांसी लगा लिए जाने की खबर लोगों में फैल गई। मौके पर अधिकारी पहुंच गए। फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया। होमगार्ड के परिवार के लोगों को सूचना दी गई। मौके पर परिवार के लोग भी पहुंच गए। परिवार के लोगों ने बताया कि लाखन का शव जिस स्थिति में लटका हुआ मिला उससे उन्हें उनके साथ किसी अनहोनी होने की आशंका है। लाखन सिंह का एक पैर वहां नजदीक पड़ी टेबल पर टिका हुआ था। इसके साथ ही दूसरा पैर जमीन से कुछ उंचाई पर नजर आ रहा था। इसके साथ ही गले में शॉल लिपटी हुई थी। इसके बाद रस्सी का फंदा दिखाई दे रहा था। फंदे में भी एक ही गांठ लगी हुई थी। पुलिस ने शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## होमगार्ड ने छोड़ा भरा-पूरा परिवार

**यूनिक समय, मथुरा।** होमगार्ड जवान लाखन सिंह अपने पीछे पत्नी और चार बेटियों और एक बेटा को बिलखते हुए छोड़ गया है। तीन बेटियों की शादी हो चुकी है। इसके साथ ही एक बेटा और एक बेटी की शादी होना शेष है। होमगार्ड की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

## पोस्टमार्टम गृह पर बड़ी संख्या में पहुंचे होमगार्ड जवान

**यूनिक समय, मथुरा।** होमगार्ड जवान लाखन सिंह द्वारा फांसी लगा कर आत्महत्या कर लिए जाने के बाद पोस्टमार्टम गृह पर होमगार्ड के जवान और ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद रहे। अधिकारी भी वहां पहुंचते नजर आए। हर कोई इस बात को लेकर चर्चा करता नजर आया कि उस की आत्महत्या के पीछे क्या कारण हो सकता है।






# अग्रवाल धर्मशाला के कमरे में यात्री का शव लटका मिला

**यूनिक समय, मथुरा।** शहर की अग्रवाल धर्मशाला में ठहरे एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वहीं कोसीकलां के ग्राम अजीजपुर स्थित काशीराम कॉलोनी में रह रहे एक पेंटर ने भी कमरे में फांसी लगा ली। घटना का पता प्रातः उस समय लगा जब पत्नी नींद से जागी।

शहर के हृदय स्थल होलीगेट पर स्थित अग्रवाल धर्मशाला के कमरा नंबर 25 में ठहरने वाले एक युवक द्वारा कमरे में फांसी लगाने का पता लगने पर इलाके में हड़कंप मच गया। धर्मशाला के प्रबंधक चंद्रप्रकाश सारस्वत को धर्मशाला के कर्मचारियों ने बताया। प्रबंधक ने कोतवाली पुलिस को सूचना दी। प्रबंधक का

### 15 फरवरी को यहां आकर ठहरा था

### कोसीकलां की काशीराम कॉलोनी में पेंटर ने लगाई फांसी

कहना है कि युवक उमेश पुत्र अमरजीत सिंह निवासी ग्राम मढ़नई थाना सादाबाद जिला हाथरस 15 फरवरी को कमरा नंबर 25 में ठहरा था। कमरा लेने के बाद वह चला गया अगले दिन आया था। कमरे का किराया ड्यू होने पर धर्मशाला का कर्मचारी आज चेक आउट के समय उसके कमरे में गया। तो काफी दरवाजा खटखटाने पर भी अंदर से किसी तरह की कोई आवाज नहीं आई। इस पर उसने कमरे में झांक कर देखा तो युवक का शव लटका हुआ था। इस बारे में कोतवाली पुलिस मौके पर आ गई। पुलिस ने किसी तरह दरवाजा खुलवाया। इसके साथ ही फील्ड यूनिट की टीम को भी मौके पर बुलाकर घटनास्थल से सबूत एकत्रित किए गए। पुलिस ने शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिवार को सूचना दी है। युवक ने आत्महत्या किस कारण की है इस की जांच पुलिस कर रही है। कोसीकलां संवाददाता के अनुसार अजीजपुर स्थित काशी राम कॉलोनी में रहने वाले एक पेंटर ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। बताया गया कि युवक मनीष करीब तीन साल पहले दिल्ली से पत्नी के साथ आकर काशीराम आवासीय कॉलोनी में रह रहा था। उसकी पत्नी के दो माह की बच्ची भी है। रात को पति पत्नी कमरे में सो रहे थे। रात को किसी समय मनीष ने उठकर कमरे की छत में लगे हुक में रस्सी का फंदा डालकर फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। पत्नी को इस बात का पता तक नहीं लगा। प्रातः जब पत्नी की नींद खुली तो पति का शव लटका हुआ मिला। पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# राधानगर और कृष्णानगर में गोलियां चलाने वाले तीन दबोचे

कार्यालय संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** कोतवाली क्षेत्र स्थित राधानगर और कृष्णानगर इलाके में दो गाड़ियों पर फायरिंग कर दहशत फैलाने वाले तीन अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दो देशी तमंचे और कारतूस बरामद किए हैं। सीओ सिटी आशना चौधरी ने बताया कि 13 फरवरी की रात को बदमाशों ने हरी नगर और राधानगर इलाके में अलग-अलग दो गाड़ियों पर फायरिंग की थी। फायर ड्राइवर साइड की खिड़की में लग कर दूसरी खिड़की से निकल गया था।

रात के समय दो वाहनों पर इस तरह की गई फायरिंग से इलाके में दहशत फैल गई। पुलिस ने इस मामले में शामिल बदमाशों को गिरफ्तार करने के लिए घटना स्थल और आस-पास के इलाकों में लगे दर्जन सीसी टीवी कैमरों को चेक किया। चेक करने के बाद

### दो वाहनों पर चलाई गई थीं गोलियां

### घटना में प्रयोग किए जाने वाले दो देशी तमंचे कारतूस मिले

पुलिस ने घटना में शामिल बदमाशों की शिनाख्त की तो पता लगा कि घटना को अंजाम देने वाले बदमाशों में विकास पचौरी, गौरव और लोकेश हैं। पुलिस और स्वाट टीम ने इन तीनों की गिरफ्तारी के लिए दबिश देकर तीनों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को इनके कब्जे से वाहन चालकों की हत्या के प्रयास में प्रयोग किए गए दो देशी तमंचे व कारतूस बरामद हुए हैं। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया।

# ज्वैलर्स के साथ धोखाधड़ी करने वाला गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** कोतवाली पुलिस ने ज्वैलर्स के साथ धोखाधड़ी करने वाले वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक चोरी का मोबाइल और एक लाख 45 हजार रुपये की नकदी बरामद की है। एक ज्वैलर्स ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके साथ लाखों की धोखाधड़ी की गई है। पुलिस ने इस मामले में वांछित चल रहे अभियुक्त शीतल प्रसाद उर्फ गंजा के बारे में सूचना मिली। पुलिस टीम ने अभियुक्त शीतल प्रसाद उर्फ गंजा निवासी सुरजीत सिंह नगर गैसपुरा पीपल चौक थाना सानेवाला लुधियाना को धौलीप्याऊ रेलवे जंक्शन रेलवे ग्राउंड के समीप से



### एक लाख पैंतालीस हजार व मोबाइल बरामद

गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को उसके पास से एक मोबाइल और एक लाख 45 हजार रुपये भी बरामद हुए हैं।

# कांवड़ लेने जाने वाले युवक की हुई मौत

**यूनिक समय, मथुरा।** कांवड़ लेने जाने के दौरान राया क्षेत्र में बरेली हाईवे पर दुर्घटना में घायल हुए युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। इस दुखद घटना से युवक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। गौरतलब है कि गांव भदाल निवासी परसोती का बेटा अजय जयसिंहपुरा के एक स्कूल में नौवी कक्षा में पढ़ रहा था। शिव रात्रि पर कांवड़ लेने के लिए साथियों के साथ सोरों के कछला घाट के लिए जा रहा था। बताया गया कि उसके साथ दो युवक और बैठे

### परिवार में मच गया कोहराम

हुए थे। इनकी बाइक बरेली हाईवे पर राया के समीप कांवड़ लाने वाले वाहन से टकरा गई। अजय बुरी तरह से घायल हो गया। उसके दो साथियों को हलकी चोट आई। अजय का इलाज चल रहा था। बताया गया कि बीती रात अजय की इलाज के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# तमंचा धारी गिरफ्तार

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना यमुनापार पुलिस ने अभियुक्त सज्जू निवासी रोशन बिहार कॉलोनी थाना यमुनापार को पुरानी पैंठ रेलवे लाइन के समीप दीवार के किनारे से गिरफ्तार किया। पुलिस को तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक देशी तमंचा व कारतूस बरामद हुए।

# आश्रम में रह रहे वृद्ध का शव कंबल में लिपटा मिला

**यूनिक समय, मथुरा।** वृंदावन के परिक्रमा मार्ग स्थित साक्षी आश्रम में रहकर सेवा पूजा करने वाले एक वृद्ध की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने कमरे का दरवाजा खोल कर कंबल में लिपटा शव निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। रोहतक हरियाणा के रहने वाले वृद्ध दयानंद (70) परिक्रमा मार्ग स्थित साक्षी धाम आश्रम के एक कमरे में रहकर कई साल से भगवान की सेवा पूजा करते थे। बताया गया कि आश्रम के कमरे से जब वह बाहर नही दिखाई दिए तो आश्रम के लोगों ने उनके कमरे पर पहुंचकर जाने का प्रयास किया। दरवाजे को काफी खट-खटाने के बाद भी अंदर से कोई जवाब नहीं आया। कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजे किसी तरह खुलवाकर अंदर प्रवेश किया।

कमरे में कंबल में लिपटा हुआ दयानंद का शव मिला। पुलिस और आश्रम के लोगों ने दयानंद की मृत्यु के बारे में उनके परिवार को सूचना दी। सूचना पर उनकी पत्नी सुनीता पोस्टमार्टम गृह पर पहुंच गई।



# आगरा समेत प्रमुख जिलों में अब रात आठ बजे तक रजिस्ट्री

**यूनिक समय, आगरा।** जमीन, मकान और अन्य संपत्तियों की रजिस्ट्री कराने वालों के लिए बड़ी राहत की खबर है। आगरा सहित प्रदेश के प्रमुख जिलों में अब रजिस्ट्री कार्यालय रात 8 बजे तक खुले रहेंगे। इसके साथ ही प्रत्येक रविवार को भी रोस्टर के आधार पर एक उप–निबंधक कार्यालय खोला जाएगा। सदर तहसील स्थित पांच उप–निबंधक कार्यालयों में से एक कार्यालय प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से



रात 8 बजे तक संचालित होगा। इस दौरान रजिस्ट्री के लिए ऑनलाइन अपॉइंटमेंट दोपहर 1 बजे से शाम 7 बजे तक लिए जा सकेंगे। अन्य सभी कार्यालय पहले की तरह सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक खुलेंगे।

### रविवार को भी खुलेंगे उप–निबंधक कार्यालय

सहायक महानिरीक्षक निबंधन योगेश कुमार ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार यह व्यवस्था विशेष रूप से नौकरीपेशा लोगों, जनप्रतिनिधियों और व्यस्त नागरिकों की सुविधा के लिए लागू की जा रही है, जिन्हें कार्यालय समय के कारण रजिस्ट्री कराने में कठिनाई होती थी। रविवार को खुलने वाला कार्यालय अगले शनिवार बंद रहेगा। यदि दूसरा शनिवार अवकाश है तो संबंधित कार्यालय शुक्रवार को बंद किया जाएगा। इसके लिए मासिक रोस्टर तैयार किया जा रहा है, जिसे जल्द लागू किया जाएगा। इस नई व्यवस्था से नागरिकों को अतिरिक्त अवकाश लेने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। साथ ही भूमि क्रय–विक्रय की प्रक्रिया में तेजी आएगी और सरकारी राजस्व में भी बढ़ोतरी होने की उम्मीद है।

## बार एसोसिएशन के नए अध्यक्ष व सचिव का किया सम्मान



बार एसोसिएशन के नए अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह का स्वागत करते राजस्व अधिवक्ता एसोसिएशन के पदाधिकारी।

**यूनिक समय, मथुरा।** राजस्व अधिवक्ता एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित राजस्व अधिवक्ता एसोसिएशन हॉल में बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत किया। राजस्व अधिवक्ता एसोसिएशन के अध्यक्ष धीरेन्द्र चौधरी व उनकी समस्त टीम ने बार एशोसिएशन के नए अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह, सचिव मनोज कुमार शर्मा, कोषाध्यक्ष विनोद कुमार शर्मा, ऑडीटर देवकीनंदन का भी दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया। इस अवसर पर राजस्व अधिवक्ता एसोसिएशन के सचिव योगेश शर्मा, उपाध्यक्ष कृष्ण मुरारी लाल, उमेश शर्मा, नरेश गुप्ता, विजेंद्र सिंह, देवेन्द्र सिंह, डॉ. अवधेश सिंह, केके चौधरी, सोनू चतुर्वेदी, महेश उपाध्याय, अनुभव पचौरी, महेश शर्मा, जितेंद्र भरंगर, हाकिम सिंह चौधरी, सुनील ढेनुआ, सुनील पाण्डेय, विनय शर्मा, महावीर सिंह, नरेंद्र कुमार गर्ग, सौरभ गुप्ता एवं देवा गुर्जर आदि मौजूद थे। संचालन उमेश शर्मा ने किया।

## मथुरा डिपो की कार्यशाला का उच्चीकरण होगा, राशि मंजूर

**यूनिक समय, मथुरा।** उप्र परिवहन निगम मथुरा डिपो की कार्यशाला का उच्चीकरण होगा। उप्र शासन के विशेष सचिव केपी सिंह ने यूपी के परिवहन आयुक्त को भेजे पत्र में उच्चीकरण कार्य कराने की जानकारी दी है। मथुरा के डिपो कार्यशाला का उच्चीकरण कराये जाने के सम्बन्ध में नामित कार्यदायी संस्था उप्र कन्सट्रक्शन एण्ड डिजाइन सर्विसेज (उ०प्र० जल निगम) ने आंकलित लागत धनराशि 646.08 लाख के प्रस्ताव का प्रायोजना रचना एवं मूल्यांकन प्रभाग द्वारा धनराशि 602.31 लाख रुपये आंकलित की गयी है। चालू वित्तीय वर्ष 2025–26 में व्यय के लिए प्रथम किश्त के रूप में रु 150.00 लाख की धनराशि अवमुक्त किये हैं।

**कार्यालय नगर पंचायत बरसाना (मथुरा)**

पत्रांक : 27/न०पं० बरसाना/2025-26 दिनांक: 17 फरवरी, 2026

**कार्यालय–ज्ञाप**

नगर पंचायत बरसाना में राज्य वित आयोग के अन्तर्गत वित्तिय वर्ष 2025–26 में कराये जाने वाले कार्य हेतु दिनांक 06.02.2026 को निविदायें आमंत्रित की गयी थी, जिसमे कार्य सं0 04 अप्रहार कारणों से निरस्त की जाती है।

लिपिक/टैण्डर कमेटी सदस्य नगर पंचायत बरसाना मथुरा — अवर अभियन्ता मथुरा — अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत बरसाना मथुरा — अध्यक्ष नगर पंचायत बरसाना मथुरा

**कार्यालय नगर पंचायत बरसाना (मथुरा)**

पत्रांक : 26/न०पं० बरसाना/2025-26 दिनांक: 17 फरवरी, 2026

**शुद्धि पत्र**

दिनांक 18.02.2026 को प्रकाशित कुटेशन/निविदायें आमंत्रित की गयी थी, जिसमे ट्रुटीवर्ष मद का उल्लेख नही किया गया। अत: आमन्त्रण निकाले गये कुटेशन/निविदायें मेला फण्ड/टाऊन फण्ड/राज्य वित्त से प्राप्त धनराशि से आमन्त्रण की जाती है।

लिपिक/टैण्डर कमेटी सदस्य नगर पंचायत बरसाना मथुरा — अवर अभियन्ता मथुरा — अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत बरसाना मथुरा — अध्यक्ष नगर पंचायत बरसाना मथुरा

## भाभी की बेरहमी से गला काट हत्या करने में चार गिरफ्तार



महिला की हत्या के आरोप मे पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

**कार्यालय संवाददाता**

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना नौहझील पुलिस ने भाभी की गला रेत कर हत्या करने वाले देवर और साक्ष्यों को छिपाने वालों सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। गौरतलब है कि 15 फरवरी को थाना नौहझील के गांव बाघई कटेलिया में दीपक ने अपनी भाभी से अवैध संबंध बनाने के प्रयास किया था। भाभी के विरोध करने पर दीपक ने उस पर ब्लेड के कई प्रहार कर उसके गले को बेरहमी के साथ काट दिया जिससे उसकी मौत हो गई। इसके बाद

### सबूतों को मिटाने के मामले में परिवार के अन्य लोग गिरफ्तार

परिवार के लोगों ने भी साक्ष्यों को मिटाने में पूरा सहयोग किया। खून से सने कपड़ों को जला दिया। पुलिस ने इस मामले में भाभी की हत्या करने वाले दीपक उसके पिता ज्वाला प्रसाद, एक महिला और भाई प्रमोद कुमार उर्फ कालू को गिरफ्तार कर लिया है। इन लोगों से पुलिस ने साक्ष्य भी बरामद किए हैं।

## रोमेक्स इंटरनेशनल स्कूल में 'इनोविस्टा' प्रदर्शनी का भव्य आयोजन




शैक्षणिक प्रदर्शनी 'इनोविस्टा' के मौके पर विद्यार्थी।

**यूनिक समय, मथुरा।** रोमेक्स इंटरनेशनल स्कूल में शैक्षणिक प्रदर्शनी 'इनोविस्टा' का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ चेयरमैन एस. पी. सिंह, डायरेक्टर कृष्णा चौधरी एवं प्रधानाचार्या डॉ. प्रिया चौधरी ने दीप प्रज्वलन एवं फीता काटकर किया।

प्रदर्शनी में विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, गणित, कंप्यूटर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं कला विषयों से जुड़े नवाचारी मॉडल विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किए। जल चक्र, अम्ल वर्षा, दिन–रात की प्रक्रिया, स्मार्ट सिटी, ज्वालामुखी, रोबोट, सेव ट्री और पौधों के जीवन जैसे मॉडल आकर्षण का केंद्र रहे। विद्यार्थियों ने आत्मविश्वास के साथ अपने प्रोजेक्ट्स की कार्यप्रणाली और उपयोगिता समझाई, जिससे अतिथि प्रभावित हुए। कला विभाग की नेचर, एब्सट्रैक्ट एवं लोक कला पेंटिंग्स ने भी सभी का मन मोह लिया। अभिभावकों ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए उपयोगी बताया। निदेशक कृष्णा चौधरी ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास, नवाचार और नेतृत्व क्षमता विकसित करते हैं तथा भविष्य में भी जारी रहेंगे।

**कार्यालय नगर पंचायत बरसाना, जनपद मथुरा।**

पत्राक:- 25/न.प.ब./2025-26 दिनांक 17, फरवरी, 2026

**ई–निविदा प्रेस सूचना**

नगर पंचायत बरसाना में से विहित प्रावधानों के अंतर्गत अर्ह ठेकेदारो/फर्मो को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत बरसाना मथुरा को वित्तीय वर्ष 2025–26 में मु0 मन्त्री नवसृजन योजना के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से कार्य कराना चाहती है। जिसके लिये अर्ह ठेकेदारो/फर्मो से ई–निविदाएँ ऑनलाईन माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

Tender Reference Number - 68To 80 CMNSY/2024-25

| Sr. No. | Description | Date | Time |
|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | Document Downloding Start Date | 18-02-2026 | 12.00 P.M. |
| 2 | Document Downloding End Date | 11-03-2026 | 04.00 P.M. |
| 3 | Online Bid Submission Start Date | 18-02-2026 | 12.00 P.M. |
| 4 | Online Bid Submission Closing Date | 11-03-2026 | 04.00 P.M. |
| 5 | Document Downloding Start Date | 18-02-2026 | 12.00 P.M. |
| 6 | Technical bid opening date | 12-03-2026 | 12.00 P.M. |
| 7 | Pre- bid Meeting | 25-02-2026 | 02.00 P.M. |
| 8 | Financial bid opening After Evalution of Technical Bids. | | |

ई–निविदा हेतु उल्लेखित कार्यो का विवरण, उनकी आंगणन लागत, निविदा की धरोहर राशि, निविदा मूल्य, तथा अवधि का विवरण, शर्ते व प्रतिबन्ध पोर्टल w.w.w.http//etender.up.nic.in पर दिनांक 18.02.2026 को अपरान्ह: 12:00 बजे से देखा जा सकता है। ई–निविदा पोर्टल पर प्रत्येक कार्य की अलग–अलग निविदा आमंत्रित की गयी हैं। निविदा खोलने की तिथि को अवकाश होने की दशा में अग्रिम कार्य दिवस पर निविदाए खोली जायेगी। अन्य कोई भी जानकारी कार्यालय कार्य दिवस में प्राप्त कर सकते है। नोट– धरोहर राशि की एफ0डी0आर0 अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत बरसाना के नाम बन्धक होनी चाहिये परन्तु निविदा का मूल्य भारतीय स्टैट बैंक बरसाना मथुरा के बैंक खाता A/C - 11691378121 IFSC CODE-SBIN0002304 में ट्रॉसफर करें।

लिपिक/लेखा लिपिक/टेण्डर कमेटी सदस्य नगर पंचायत बरसाना, मथुरा। — अवर अभियन्ता नगर पंचायत बरसाना, मथुरा। — अधिशासी अधिकारी/टेण्डर कमेटी अध्यक्ष नगर पंचायत बरसाना, मथुरा।

## सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस में 7 दिवसीय नि:शुल्क हेल्थ कैम्प का शुभारम्भ



बसेरा ग्रुप वृन्दावन के चेयरमैन रामकिशन अग्रवाल का स्वागत करते पदाधिकारी।

**यूनिक समय,मथुरा।** धर्मयात्रा महासंघ महानगर मथुरा के सदस्यों के लिए सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस (सिम्स हॉस्पिटल) में 7 दिवसीय निःशुल्क चिकित्सकीय परामर्श एवं जांच शिविर का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सिम्स हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ. गौरव भारद्वाज के नेतृत्व में बसेरा ग्रुप वृन्दावन के चेयरमैन रामकिशन अग्रवाल, महासंघ अध्यक्ष पवन गोयल, मंत्री त्रिलोकी नाथ बंसल एवं अन्य गणमान्य लोगों द्वारा किया गया। यह हेल्थ कैम्प 17 फरवरी से 23 फरवरी तक आयोजित किया जा रहा है। शिविर के दौरान ब्लड शुगर और ब्लड प्रेशर की निःशुल्क जांच की जा रही है। इसके अलावा रेडियोलॉजी एवं पैथोलॉजी जांचों पर 30 प्रतिशत की विशेष छूट प्रदान की जा रही है। वरिष्ठ विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क परामर्श भी दिया जा रहा है। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि सिम्स हॉस्पिटल बृज क्षेत्र में आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित अग्रणी चिकित्सा संस्थान है, जहां सभी विभागों की विशेषज्ञ टीम 24 घंटे सेवाएं दे रही है। बृजवासियों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी शिविर आयोजित किए जाते रहेंगे। इस कार्यक्रम में राम किशन बसेरा ग्रुप, त्रिलोकी नाथ बंसल, पवन गोयल, राजेन्द्र अग्रवाल, अरुण बंसल, मुकेश गुप्ता, किशन गोपाल, माधुरी गोयल, पुष्पा बंसल, मनीष अग्रवाल, वकील साहब, मोहित एवं समस्त पदाधिकारी एवं सदस्य और वरिष्ठ लैप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जन डॉ. बृजेंद्र तिवारी, वरिष्ठ एनेस्थिसिया एवं क्रिटीकल केयर विशेषज्ञ डॉ. पंकज शर्मा, वरिष्ठ नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ. आशीष शर्मा, हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेटर विष्णु शर्मा, रितेश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# आईआईटी जोधपुर के प्रोमेटियो 26 में जीएलए ग्रेटर नोएडा का परचम

**यूनिक समय, नोएडा।** जीएलए विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा के प्रथम वर्ष के कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग के छात्र यथार्थ छाबड़ा ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) जोधपुर के वार्षिक टेकफेस्ट 'प्रोमेटियो'26' के अंतर्गत आयोजित प्रतिष्ठित बिजनेस केस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर संस्थान का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। 36 घंटे तक चली इस चुनौतीपूर्ण प्रतिस्पर्धा में यथार्थ छाबड़ा ने नकद पुरस्कार भी



यथार्थ छाबड़ा

प्राप्त किया। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को एक वास्तविक व्यावसायिक समस्या दी गई,

## यथार्थ छाबड़ा ने जीता प्रथम स्थान

जिसके समाधान हेतु सीमित समय में व्यापक व्यवसाय मॉडल, रणनीतिक दृष्टिकोण और कार्यान्वयन योजना तैयार करनी थी। यथार्थ छाबड़ा ने स्मार्ट फोन की गुणवत्ता और अधिक गर्म होने (हीटिंग) की समस्या को केंद्र में रखते हुए एक अभिनव और व्यावहारिक समाधान प्रस्तुत किया। उनके विचार में स्मार्ट फोन की परफॉर्मेंस, ताप नियंत्रण तकनीक और दीर्घकालिक गुणवत्ता सुधार को व्यावसायिक दृष्टि से जोड़ते हुए एक सशक्त मॉडल तैयार किया गया। निर्णायक मंडल ने नवाचार, व्यवहार्यता, संभावित प्रभाव और प्रस्तुति कौशल जैसे मानदंडों पर टीम के समाधान को सर्वश्रेष्ठ पाया। 7-8 मिनट की प्रभावशाली प्रस्तुति के दौरान यथार्थ छाबड़ा ने अपने विचार की तकनीकी मजबूती तथा बाजार में उसकी उपयोगिता को स्पष्ट रूप से रखा। स्मार्ट फोन की गुणवत्ता और हीटिंग समस्या से जुड़े उनके समाधान को निर्णायकों ने विशेष रूप से सराहा और प्रथम स्थान के लिए चयनित किया। 'प्रोमेटियो'26 आईआईटी जोधपुर का प्रमुख तकनीकी एवं सांस्कृतिक उत्सव है, जिसमें देशभर के विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों के छात्र भाग लेते हैं। बिजनेस केस प्रतियोगिता इस उत्सव की सबसे प्रतिस्पर्धी प्रतियोगिताओं में से एक मानी जाती है। प्रो-वाइस चांसलर डॉ. दिवाकर भारद्वाज ने यथार्थ छाबड़ा की उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता जीएलए ग्रेटर नोएडा में विकसित हो रही नवाचार और उत्कृष्टता की संस्कृति का प्रतीक है।

उन्होंने कहा कि प्रथम वर्ष में ही राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में शीर्ष स्थान प्राप्त करना अत्यंत सराहनीय है। इस प्रकार यथार्थ छाबड़ा की यह उपलब्धि न केवल व्यक्तिगत सफलता है, बल्कि जीएलए ग्रेटर नोएडा के शैक्षणिक वातावरण और प्रतिभा संवर्धन की प्रतिबद्धता का भी प्रमाण है।

### छह साल में 5000 से ज्यादा आग की घटनाएं, करोड़ों की संपत्ति स्वाहा

# संसाधन विस्तार की आवश्यकता

विशेष संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** धार्मिक और पर्यटन नगरी मथुरा में पिछले कुछ वर्षों में आग की घटनाओं में उतार-चढ़ाव के बीच अग्निशमन विभाग की भूमिका और संसाधनों को लेकर चर्चा तेज हुई है। वृंदावन, गोवर्धन, बरसाना जैसे तीर्थस्थलों पर सालभर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आगमन होता है, वहीं कोसीकलां और मांट क्षेत्रों में औद्योगिक गतिविधियां बढ़ी हैं। ऐसे में आग से सुरक्षा की चुनौती भी बढ़ी है। जनपद में वर्तमान में चार प्रमुख अग्निशमन केंद्र-भूतेश्वर, कोसीकलां, मांट और केजेएस/सिम-संचालित हैं। कुल मिलाकर 9 फायर टेंडर, 2 वाटर मिस्ट, 2 बोलेरो कैम्पर, 1 एफक्यूआरवी, 3 फायर बाइक, 1 ईसूजू और 1 टाटा योधा वाहन उपलब्ध हैं। भूतेश्वर केंद्र सबसे अधिक सुसज्जित है। शहर व वृंदावन क्षेत्र की घटनाओं को मुख्य रूप से कवर करता है। अग्निशमन अधिकारी के अनुसार किसी भी घटना की सूचना मिलते ही औसतन एक मिनट के भीतर प्रतिक्रिया दर्ज कर




वाहन रवाना कर दिए जाते हैं। वाहनों की औसत गति लगभग 40 किलोमीटर प्रति घंटा बताई गई है। हालांकि ग्रामीण क्षेत्रों, ट्रैफिक जाम और संकरी गलियों के कारण घटनास्थल तक पहुंचने में समय प्रभावित हो सकता है। वर्ष 2019 से 2025 के बीच जनपद में 5225 से अधिक अग्निकांड दर्ज किए गए। लगभग 60 करोड़ रुपये की संपत्ति का नुकसान हुआ, जबकि विभाग की तत्परता से 118 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति बचाई गई। वर्ष 2024 और 2025 में घटनाओं की संख्या में वृद्धि देखी गई, जिसे बढ़ते शहरीकरण, औद्योगिक विस्तार और गर्मी की तीव्रता से जोड़कर देखा जा रहा है। हाल की घटनाओं में यमुना एक्सप्रेसवे पर बहु-वाहन दुर्घटना, रिफाइनरी क्षेत्र में आग तथा चलती बस में लगी आग जैसी घटनाएं शामिल हैं, जिनमें विभाग ने समय रहते नियंत्रण पाया। दीपावली के दौरान पटाखा बाजारों में भी विशेष सतर्कता बरती जाती है। जिले में अग्नि सुरक्षा को मजबूत करने के लिए 1000 प्रशिक्षित वॉलिंटियरों का नेटवर्क तैयार किया गया है। इन स्वयंसेवकों को प्राथमिक अग्निशमन, प्राथमिक उपचार और भीड़ प्रबंधन का

## बढ़ती आग की घटनाओं के बीच अग्निशमन व्यवस्था सक्रिय

## वृंदावन-गोवर्धन में नए फायर स्टेशन की मांग तेज, आधुनिक उपकरणों की जरूरत

प्रशिक्षण दिया गया है। बड़े धार्मिक आयोजनों और मेलों में ये विभाग की सहायता करते हैं तथा ग्रामीण क्षेत्रों में शुरुआती स्तर पर आग नियंत्रित करने में सहयोग करते हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि बढ़ती आबादी और विस्तृत भौगोलिक क्षेत्र को देखते हुए अतिरिक्त अग्निशमन केंद्रों और आधुनिक उपकरणों की आवश्यकता है। फरह, वृंदावन और गोवर्धन क्षेत्रों में नए केंद्र स्थापित करने, आधुनिक हाइड्रोलिक प्लेटफॉर्म और रासायनिक आग से निपटने वाले उपकरण उपलब्ध कराने की मांग उठ रही है।

# अग्रबंधु सेवा मंडल ने लगाया रक्तदान महादान शिविर



अग्रबंधु सेवा मंडल के रक्तदान शिविर में रक्तदाता के साथ पदाधिकारी।

**यूनिक समय, मथुरा।** अग्रबंधु सेवा मंडल द्वारा पुलवामा हमले में शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के उद्देश्य से ब्रजवासी ब्लड बैंक, मसानी पर रक्तदान महादान शिविर का आयोजन किया गया। संस्थापक चिराग अग्रवाल ने बताया कि संस्था प्रत्येक वर्ष शहीदों की स्मृति में इस प्रकार का शिविर आयोजित करती है। कार्यक्रम का शुभारंभ जयंती प्रसाद अग्रवाल, राजेंद्र अग्रवाल, डॉ. अशोक अग्रवाल, विजय बांटा सर्राफ, कृष्ण मुरारी अग्रवाल एवं योगेंद्र गोयल ने भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया। अध्यक्ष मयंक अग्रवाल और मंत्री दीपक सिंघल ने बताया कि शिविर प्रातः 9

## 58 यूनिट रक्त संग्रह

बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित हुआ, जिसमें समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। जिला अध्यक्ष सोनू अग्रवाल एवं संयोजक शुभम अग्रवाल के अनुसार शिविर में लगभग 58 यूनिट रक्तदान किया गया तथा कुछ निःशुल्क मेडिकल जांच भी की गई।

कार्यक्रम में अमित गोयल, संजय अग्रवाल, रोहित अग्रवाल, अंकित गोयल, रोहित महावन, माधव गर्ग, डॉ. अंकुर अग्रवाल, बबीता अग्रवाल, अनुज अग्रवाल और मधुर गर्ग सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

# चांद दिखाई देने के बाद रमजान का पवित्र माह आज से शुरू

**यूनिक समय, मथुरा।** आज चांद दिखाई देने के बाद मुस्लिम समाज का रमजान का पवित्र माह आज से शुरू हो गया। इस महीने में तीस दिन रोजे रख कर लोग खुदा की इबादत करेंगे। इसके साथ ही जकात और खैरात भी करेंगे। इस माह में पैगंबर हजरत मौहम्मद साहब पर अल्लाह ने कुरान नाजिल किया था। रमजान माह की इसके चलते बहुत अहमियत है। इस्लाम के मानने वालों पर साल में एक बार रमजान में एक माह के रोजे फर्ज किए गए हैं। इस माह का लोग काफी समय से इंतजार करते हैं। चांद दिखाई देने के बाद से रमजान का पहला रोजे की शुरुआत हो जाती है। इसके साथ ही मस्जिदों में इशां की नमाज के बाद तराबियां भी शुरू हो जाती है। तराबियों में कुरान की तिलावत होती है। पूरे दिन रोजा रखने के बाद सायं को रोजा खोलने पर मुस्लिम समाज के लोग अल्लाह से दुआ मांगते है कि उन्हें पूरे माह के रोजे रखने और पांचों वक्तों की नमाज पढ़ने की हिदायत दे। इसके साथ ही इस माह में लोग अपने हिसाब से खैरात जकात भी करते हैं। इस माह में लोगों द्वारा सामूहिक रोजा अफतार की दावत भी दी जाती है।

### भारतीय जनता पार्टी का वैचारिक महाअभियान

# भाजपा की जिला कार्ययोजना बैठक संपन्न




पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अवसर पर मौजूद पदाधिकारी।

**यूनिक समय, मथुरा।** भारतीय जनता पार्टी के तत्वाधान में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के अंतर्गत जिला कार्ययोजना बैठक का आयोजन पुष्पांजलि स्थित जिला कार्यालय पर किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष निर्भय पांडे ने की। मुख्य अतिथि प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रमोद गुप्ता एवं क्षेत्रीय मंत्री रजनीश त्यागी रहे। प्रमोद गुप्ता ने प्रशिक्षण अभियान की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद और अंत्योदय के सिद्धांत पार्टी की वैचारिक आधारशिला हैं। यह अभियान कार्यकर्ताओं के वैचारिक सशक्तिकरण का माध्यम बनेगा। रजनीश त्यागी ने कहा कि भाजपा विचार आधारित संगठन है,

## संगठन को मिली नई ऊर्जा

जहां कार्यकर्ता ही शक्ति का केंद्र है। प्रशिक्षण के जरिए नीति, सिद्धांत और जनसेवा की भावना को मजबूत किया जाएगा। जिला मीडिया प्रभारी श्याम चतुर्वेदी ने बताया कि अभियान मंडल स्तर तक चलाया जाएगा।

कार्य योजना में कार्यक्रम संयोजक एवं जिला महामंत्री सत्यपाल चौधरी अनिल चौधरी, आकाश चौधरी, अमन ठाकुर, उपाध्यक्ष मनीष पाराशर, सुरेश सरकार आईआईटी संयोजक दीपांशु गुप्ता, ज्ञानेंद्र सिंह, देवेंद्र शर्मा मंडल अध्यक्ष पारस ठाकुर, मनीष ओझा, वीरेंद्र शर्मा, भूरा सिंह, आरपी सिंह, प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# मथुरा में यूपी बोर्ड की इंटर और हाईस्कूल की परीक्षा शुरू



राया स्थित एक परीक्षा केंद्र पर परीक्षार्थियों की चेकिंग करते शिक्षक।



किशोरी रमण गर्ल्स इंटर कॉलेज में परीक्षार्थी की चेकिंग करती शिक्षिका।

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की आज से इंटर मीडिएट और हाईस्कूल की परीक्षाएं शुरू हो गईं। कड़ी निगरानी के बीच हो रही परीक्षाओं को नकल विहीन कराने के लिए उड़न दस्ता के साथ साथ पुलिस को भी तैनात किया गया। तीसरी आंख ने नकल कराने वाले और नकलचियों पर पैनी नजर

## परीक्षाओं को नकल विहीन कराने के लिए उड़न दस्ता और पुलिस तैनात

रखी। मथुरा जिले में परीक्षा के लिए 119 सेंटर बनाए गए हैं, जहां 70 हजार से ज्यादा परीक्षार्थियों के परीक्षा देने की तैयारी के इंतजाम किए गए। पहला पेपर हाई स्कूल का हिंदी का था। सुबह 8:30 से 11:45 बजे तक होने वाली परीक्षा के लिए परीक्षार्थी सुबह से ही सेंटर पहुंच गए। परीक्षा केंद्रों के बाहर परीक्षार्थियों की भीड़ लगी नजर आई। परीक्षा शुरू होने से 15 मिनट पहले सेंटर में कड़ी चेकिंग के बाद ही सेंटर पर प्रवेश दिया गया। प्रथम पाली में हाईस्कूल के हिंदी व सामान्य हिंदी की परीक्षा 119 केंद्रों पर संपादित कराई गई। इसमें 35169 विद्यार्थी पंजीकृत थे। इसें 2212 विद्यार्थी अनुपस्थित थे। सभी परीक्षा केंद्रों पर छात्र छात्राओं ने सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में परीक्षा दी। राया से मिली जानकारी के अनुसार प्रातः साढ़े सात बजे प्रारंभ हुई प्रथम पाली में हाईस्कूल हिंदी विषय की परीक्षा एवं दोपहर 2 बजे दूसरी पाली में इंटरमीडिएट की हिंदी की परीक्षा थी।

# कलौंजी किन बीमारियों में फायदेमंद जानिए पांच प्रमुख स्वास्थ्य लाभ

**यूनिक समय, मथुरा।** कलौंजी, जिसे वैज्ञानिक रूप से निगेला सैटिवा कहा जाता है, भारतीय रसोई का एक छोटा लेकिन बेहद गुणकारी मसाला है। इसे ब्लैक क्यूमिन या मंगरेल के नाम से भी जाना जाता है। आयुर्वेद और आधुनिक शोध दोनों में कलौंजी को औषधीय गुणों से भरपूर माना गया है। यही कारण है कि इसे कई बार "हर बीमारी की दवा" तक कहा जाता है। आइए जानते हैं कि कलौंजी किन-किन समस्याओं में लाभकारी हो सकती है।



**मधुमेह (डायबिटीज):** कलौंजी के बीज ब्लड शुगर लेवल को नियंत्रित करने में सहायक माने जाते हैं। यह शरीर में इंसुलिन संवेदनशीलता को बेहतर बनाने में मदद कर सकते हैं, जिससे टाइप–2 डायबिटीज के मरीजों को लाभ मिलता है। हालांकि, इसे दवा का विकल्प नहीं बल्कि सहायक के रूप में ही लेना चाहिए।

**वजन घटाने में मददगार:** कलौंजी में एंटी–ओबेसिटी गुण पाए जाते हैं। सुबह खाली पेट गुनगुने पानी या शहद के साथ इसका सेवन मेटाबॉलिज्म को बेहतर कर सकता है और अतिरिक्त चर्बी कम करने में सहायक हो सकता है।

**दिल की सेहत और कोलेस्ट्रॉल:** कलौंजी खराब कोलेस्ट्रॉल (एलडीएल) को कम करने और अच्छे कोलेस्ट्रॉल (एचडीएल) को बढ़ाने में मदद कर सकती है। इससे ब्लड प्रेशर संतुलित रखने और हृदय रोगों के जोखिम को कम करने में सहायता मिलती है।

**याददाश्त और दिमाग:** कलौंजी का सेवन एकाग्रता और मानसिक स्पष्टता बढ़ाने में सहायक माना जाता है। कुछ अध्ययनों में इसे अल्जाइमर जैसी समस्याओं में संभावित लाभकारी बताया गया है।

**अस्थमा और सांस की समस्या:** कलौंजी में पाया जाने वाला थाइमोक्विनोन तत्व श्वसन नली की सूजन कम करने में मदद कर सकता है, जिससे अस्थमा और पुरानी खांसी में राहत मिलती है।




# ये खराब आदतें मेंटल हेल्थ को कर देती हैं पूरी तरह बर्बाद

**यूनिक समय, दिल्ली** । लोग अक्सर अपनी मानसिक सेहत से समझौता कर लेते हैं, जो हमें डिप्रेशन नाम की खाई में धकेल सकता है। आइए जानते हैं वो कौन सी आदतें हैं जो आपकी मानसिक सेहत को और भी खराब कर सकती हैं। आजकल की तेज़–तर्रार दुनिया में सफल होने का दबाव इतना ज्यादा है कि लोग अक्सर ये भूल जाते हैं कि इसका असर हमारे दिमाग पर पड़ता है। कामयाबी पाने की चाहत में लोग अक्सर अपनी मानसिक सेहत (मेंटल हेल्थ) से समझौता कर लेते हैं, जो हमें डिप्रेशन नाम की खाई में धकेल सकता है। आइए जानते हैं वो कौन सी आदतें हैं जो आपकी मानसिक सेहत को और भी खराब कर सकती हैं। आप अक्सर काम टालते रहते हैं, जिससे आपका काम रुक जाता है? क्या आप कोई काम आसानी से शुरू कर देते हैं, लेकिन उसे पूरा करना बहुत मुश्किल लगता है? अगर ऐसा है, तो इसका मतलब है कि आपकी मानसिक स्पष्टता कम हो रही है। ये सिर्फ़ खराब समय–प्रबंधन नहीं है, बल्कि अक्सर दिमाग पर ज्यादा बोझ होने की वजह से होता है। अगर आप भी बार–बार अपना सोशल मीडिया चेक करते हैं, तो ये आपके दिमाग के लिए हेल्दी साइन नहीं है। ये डिजिटल बेचैनी सिर्फ़ ध्यान भटकाने से ज्यादा है – ये मानसिक बेचैनी का बहुत बड़ा लक्षण है। इसका मतलब है कि आपका दिमाग दिए गए काम पर ध्यान नहीं दे पा रहा है क्योंकि वो बहुत ज्यादा उत्तेजित और थका हुआ है। लगातार ऐप्स या टैब के बीच स्विच करना एक सामान्य आदत लग सकती है, लेकिन ये आपकी मानसिक ऊर्जा को चुपचाप खत्म कर देता है। एक समय था जब आप अपने काम या लक्ष्यों को लेकर उत्साहित महसूस करते थे, लेकिन अब सब कुछ नीरस लगता है। ये एक साफ़ संकेत है कि आपके अंदर के स्वयं को रीबूट करने की ज़रूरत है। जब आप मानसिक रूप से कमज़ोर होते हैं, तो दिमाग उत्साहित होने के लिए संघर्ष करता है। लगातार खुद की आलोचना करना, अपनी कमियों पर ध्यान केंद्रित करना और नकारात्मक सोचना आत्मविश्वास को कम करता है और डिप्रेशन व चिंता को बढ़ावा देता है। व्यायाम न करने से एंडोर्फिन (जो खुशी और शांति महसूस कराते हैं) कम बनते हैं। निष्क्रिय जीवनशैली सुस्ती, कम प्रेरणा और डिप्रेशन के बढ़ते जोखिम से जुड़ी है पर्याप्त और अच्छी नींद न लेना आपके मूड, ऊर्जा स्तर और सोचने की क्षमता पर बुरा असर डाल सकता है। देर रात तक जागना या अनियमित नींद का शेड्यूल तनाव, चिंता और डिप्रेशन को बढ़ा सकता है।

# 95 साल की उम्र में भी सुपरफिट

**यूनिक समय, मथुरा।** आज जहां कम उम्र के लोग भी थकान और अनियमित दिनचर्या की शिकायत करते नजर आते हैं, वहीं 95 साल के डॉ. विश्वनाथन अपनी फिटनेस और अनुशासन से सबको प्रेरित कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा उनका एक वीडियो लोगों का दिल जीत रहा है। इस वीडियो को उनकी 28 वर्षीय पोती सिंधु ने इंस्टाग्राम पर साझा किया है, जिसमें दादाजी की सादगी, ऊर्जा और सकारात्मक जीवनशैली की झलक मिलती है। डॉ. विश्वनाथन तमिलनाडु के मदुरै में कई वर्षों तक एनेस्थेटिस्ट के रूप में सेवाएं दे चुके हैं। सेवानिवृत्ति को दो दशक से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन उनकी सक्रियता आज भी युवाओं को मात देती है। 95 वर्ष की आयु में भी वे शारीरिक और मानसिक रूप से बेहद चुस्त–दुरुस्त हैं। सुबह 5:30 बजे योग से दिन की शुरुआतः सिंधु के अनुसार, दादाजी का दिन सुबह ठीक 5:30 बजे योग से शुरू होता है। नियमित योग और हल्के व्यायाम ने उन्हें इस उम्र में भी लचीला और ऊर्जावान बनाए रखा है। योग के बाद वे ध्यान और पूजा करते हैं, जिससे उन्हें मानसिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा मिलती है। उनका मानना है कि शरीर और मन दोनों का संतुलन ही लंबी उम्र का राज है। तकनीक से दोस्ती और पढ़ने का शौकः उम्र के इस पड़ाव पर भी डॉ. विश्वनाथन नई चीजें सीखने को उत्सुक रहते हैं। उन्हें लैपटॉप चलाना, चिकित्सा से जुड़ी किताबें और साहित्य पढ़ना बेहद पसंद है। वे मेडिकल जर्नल्स पढ़कर खुद को अपडेट रखते हैं। तकनीक से उनका लगाव यह साबित करता है कि सीखने की कोई उम्र नहीं होती। खुद करते हैं छोटे–छोटे कामः दादाजी अपने रोजमर्रा के कई काम खुद करते हैं। कभी–कभी जरूरी सामान की खरीदारी के लिए बाहर भी जाते हैं। उन्हें साधारण कुकिंग करना पसंद है, जैसे इडली बनाना। खाना पकाने में उनकी रुचि न केवल उन्हें सक्रिय रखती है बल्कि आत्मनिर्भरता का भी एहसास कराती है। वीडियो के कैप्शन में सिंधु ने लिखा कि आज हेल्थ और ब्यूटी इंडस्ट्री अरबों–खरबों का कारोबार है, लेकिन उनके दादाजी बिना महंगे जिम, सप्लीमेंट या विशेष डाइट के स्वस्थ जीवन जी रहे हैं। उनका मानना है कि दक्षिण एशियाई और हिंदू परंपराओं में दैनिक जीवन का हिस्सा रहे योग, ध्यान और संतुलित दिनचर्या ही असली सेहत का आधार हैं। डॉ. विश्वनाथन की जीवनशैली यह संदेश देती है कि अनुशासन, सादगी और सकारात्मक सोच से किसी भी उम्र में फिट और खुश रहा जा सकता है। उनका यह वीडियो लोगों के लिए प्रेरणा बन चुका है और साबित करता है कि उम्र सिर्फ एक संख्या है।

# त्वचा की देखभाल में असरदार है चंदन



**यूनिक समय, दिल्ली** । चंदन सिर्फ अपनी मनमोहक खुशबू के लिए ही नहीं, बल्कि अपने औषधीय गुणों के लिए भी जाना जाता है। यह त्वचा को चमकदार और चिकना बनाने में मदद करता है। त्वचा की देखभाल के लिए प्राकृतिक तरीकों का इस्तेमाल सदियों से चला आ रहा है। हमारी दादी–नानी के नुस्खों में बेसन, मुल्तानी मिट्टी और चंदन जैसी सामग्री का खूब प्रयोग होता रहा है, और आज भी इनकी अहमियत बनी हुई है। इन प्राकृतिक सामग्रियों में से चंदन त्वचा की खूबसूरती बढ़ाने के लिए एक बेहद खास घटक है। चंदन सिर्फ अपनी मनमोहक खुशबू के लिए ही नहीं, बल्कि अपने औषधीय गुणों के लिए भी जाना जाता है। यह त्वचा को चमकदार और चिकना बनाने में मदद करता है। इसके अलावा, यह उम्र बढ़ने के लक्षणों, जैसे बारीक रेखाएं और झुर्रियां, और मुंहासों जैसी समस्याओं से लड़ने में भी बहुत प्रभावी है। चंदन में मौजूद एंटी–इंफ्लेमेटरी और एंटीसेप्टिक गुण त्वचा को शांत करते हैं और संक्रमण से बचाते हैं रूखी त्वचा के लिए अगर आपकी त्वचा रूखी है तो यह पैक आपके लिए बहुत उपयोगी है। 1 चम्मच चंदन पाउडर, 1 चम्मच शहद, और कुछ बूंदें बिना उबाले दूध की लें। सभी सामग्री को एक साथ मिलाएं ताकि एक चिकना पेस्ट बन जाए। इस पेस्ट को अपने चेहरे पर लगाएं और 15 मिनट तक सूखने दें। बेहतर परिणामों के लिए इसे हर हफ्ते एक बार दोहराएं। चमकदार त्वचा पाने के लिए 1 चम्मच चंदन पाउडर और कुछ बूंदें गुलाब जल की लें। चंदन पाउडर और गुलाब जल को मिलाकर एक गाढ़ा पेस्ट बनाएं। इस पेस्ट को अपने चेहरे पर समान रूप से लगाएं और 20 मिनट तक लगा रहने दें। गर्म पानी से धो लें। कुछ हफ्तों में ही आपको अपनी त्वचा में चमक और सुधार नजर आने लगेगा। यह पैक मुहांसे और दाग–धब्बों से छुटकारा दिलाने में मदद करेगा। 1 बड़ा चम्मच चंदन पाउडर, 1 बड़ा चम्मच दही, और एक चुटकी हल्दी पाउडर। चंदन पाउडर और दही को एक साथ मिलाएं।

## मथुरा में लट्ठमार होली 2026

# जानिए तारीख, समय और पूरी जानकारी एक नजर में

**यूनिक समय, मथुरा।** ब्रजभूमि की होली पूरे विश्व में अपनी अनोखी परंपराओं और रंग–बिरंगी छटा के लिए प्रसिद्ध है। विशेष रूप से मथुरा और वृंदावन की होली देखने के लिए देश–विदेश से हजारों श्रद्धालु और पर्यटक पहुंचते हैं। यहां की होली केवल रंगों का उत्सव नहीं, बल्कि भगवान श्रीकृष्ण और राधा रानी की लीलाओं से जुड़ी एक जीवंत सांस्कृतिक विरासत है। इन्हीं परंपराओं में सबसे खास है बरसाने और नंदगांव की लट्ठमार होली। बरसाना में लट्ठमार होली 2026 की तारीखः साल 2026 में बरसाना की प्रसिद्ध लट्ठमार होली शुक्रवार, 27 फरवरी 2026 को मनाई जाएगी। यह दिन फाल्गुन शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को पड़ रहा है। परंपरा के अनुसार इस दिन नंदगांव के गोप बरसाना पहुंचते हैं और राधा रानी के गांव में होली खेलने की रस्म निभाते हैं। बरसाना को राधा रानी की जन्मस्थली माना जाता है। यहां की महिलाएं गोपियों के रूप में सजी–धजी होती हैं और नंदगांव से आए पुरुषों पर प्रतीकात्मक रूप से लाठियां बरसाती हैं। पुरुष ढाल लेकर खुद को बचाने का प्रयास करते हैं। यह दृश्य अत्यंत रोमांचक और पारंपरिक उल्लास से भरपूर होता है। लट्ठमार होली कब से शुरू होती है? बरसाना की लट्ठमार होली मुख्य होली पर्व से कई दिन पहले आयोजित की जाती है। उत्सव की शुरुआत सुबह मंदिरों में विशेष पूजा–अर्चना से होती है। बरसाना के प्रमुख मंदिर प्रातः लगभग 5:00 से 5:30 बजे के बीच श्रद्धालुओं के लिए खुल जाते हैं। भक्त मंगला आरती में शामिल होकर राधा रानी का आशीर्वाद लेते हैं और फिर रंगोत्सव की तैयारियां शुरू होती हैं।



**लट्ठमार होली का समयः** लट्ठमार होली का मुख्य आयोजन आमतौर पर सुबह 9:30 से 11:00 बजे के बीच शुरू होता है। इसके बाद रंग, गुलाल, पारंपरिक गीत और ढोल की धुनों के साथ उत्सव दोपहर तक चलता है। सुबह 10:30 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक सबसे अधिक भीड़ रहती है और इसी दौरान रंग खेलने और रस्मों का चरम देखने को मिलता है।

अगर आप लट्ठमार होली देखने का प्लान बना रहे हैं तो सुबह जल्दी पहुंचना बेहतर रहेगा, ताकि आपको अच्छी जगह मिल सके। सुरक्षा कारणों से आयोजन स्थल के बहुत नजदीक जाने की अनुमति नहीं होती। फोटोग्राफी दूर से ही की जा सकती है। बरसाना और नंदगांव की लट्ठमार होली ब्रज संस्कृति की अनूठी पहचान है। यदि आप इस अद्भुत परंपरा का अनुभव करना चाहते हैं, तो 27 फरवरी 2026 की तारीख जरूर नोट कर लें।

## सुविचार

महान आशाएं महान व्यक्तियों का निर्माण करती हैं।

## कल का पंचांग

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| तिथि | द्वितीया | 04:01-05:05 तक | पक्ष | शुक्ल पक्ष |
| नक्षत्र | उत्तराषाढ़ा | 06:16-07:48 तक | माह | फाल्गुन |
| सूर्योदय | | 6:57 AM | चन्द्रोदय | 06:11 AM |
| सूर्यास्त | | 6:13 PM | चंद्रास्त | 05:08 PM |
| सूर्य राशि | | कुंभ राशि | चंद्र | कुंभ |
| शुभ मुहूर्त | 12:08PM –12:50 PM | | ब्रहम् मुहूर्त | 05:083-06:11 |
| त्योहार/व्रत | | | विक्रम संवत् | 2082 |
| राहुकाल | 12:35PM-02:00PM | | वार | गुरुवार |

## ब्रज के मंदिरों के दर्शन




ब्रज की सभी कथा और श्री राधा कृष्ण की सभी लीलाओं के दर्शन यूनिक समय चैनल के माध्यम से करें।

Youtube Channel : https://youtube.com/uniquesamay

# फुलेरा दूज : जानिए सही तिथि शुभ मुहूर्त और धार्मिक महत्व

**यूनिक समय, मथुरा।** फाल्गुन मास के आगमन के साथ ही वातावरण में होली की सुगंध घुलने लगती है। विशेष रूप से ब्रज क्षेत्र में इस समय उत्सव का अलग ही रंग देखने को मिलता है। फाल्गुन शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को मनाई जाने वाली फुलेरा दूज इसी उल्लास की शुरुआत का प्रतीक है। मान्यता है कि इस दिन से ब्रज में फूलों की होली का शुभारंभ होता है। आइए जानते हैं कि वर्ष 2026 में फुलेरा दूज 18 फरवरी को है या 19 फरवरी को, साथ ही इसका धार्मिक महत्व, शुभ मुहूर्त और पूजा विधि।




**फुलेरा दूज की सही तिथि-** हिंदू पंचांग के अनुसार, फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि की शुरुआत 18 फरवरी 2026 को दोपहर 4 बजकर 57 मिनट से हो रही है। यह तिथि 19 फरवरी को दोपहर 3 बजकर 58 मिनट पर समाप्त होगी। उदयातिथि के आधार पर पर्व मनाने की परंपरा है। चूंकि 19 फरवरी गुरुवार के दिन सूर्योदय के समय द्वितीया तिथि विद्यमान रहेगी, इसलिए फुलेरा दूज 19 फरवरी को मनाई जाएगी। इसी दिन से ब्रज क्षेत्र में फूलों की होली की शुरुआत हो जाएगी।

**फुलेरा दूज के शुभ मुहूर्त-** इस दिन को अबूझ मुहूर्त माना जाता है, फिर भी पूजा–पाठ और मांगलिक कार्यों के लिए कुछ विशेष शुभ समय इस प्रकार हैं– ब्रह्म मुहूर्तः सुबह 5:14 बजे से 6:05 बजे तक, चर मुहूर्तः सुबह 11:10 बजे से 12:35 बजे तक, लाभ मुहूर्तः दोपहर 12:35 बजे से 2:00 बजे तक, गोधूलि मुहूर्तः शाम 6:12 बजे से 6:37 बजे तक, इन समयों में पूजा, जप, दान और शुभ कार्य करना अत्यंत फलदायी माना जाता है।

**फुलेरा दूज का धार्मिक महत्व–** फुलेरा दूज भगवान श्रीकृष्ण और राधा रानी को समर्पित पर्व है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, फाल्गुन शुक्ल द्वितीया के दिन भगवान श्रीकृष्ण ने राधा रानी और गोपियों के साथ फूलों की होली खेली थी। तभी से यह दिन प्रेम और भक्ति के उत्सव के रूप में मनाया जाता है। विशेष रूप से मथुरा और वृंदावन में इस दिन मंदिरों को रंग-बिरंगे और सुगंधित फूलों से सजाया जाता है। भक्तजन मंदिरों में एकत्र होकर फूलों की होली खेलते हैं, भजन–कीर्तन करते हैं और वातावरण को भक्तिमय बना देते हैं। यह पर्व वसंत ऋतु के आगमन और प्रेम की पवित्र भावना का प्रतीक माना जाता है।

MANNAT GROUP
Building Your Vision, Creating Reality

**अबूझ मुहूर्त का विशेष महत्व–** फुलेरा दूज को हिंदू पंचांग में 'अबूझ मुहूर्त' कहा गया है। इसका अर्थ है कि इस दिन बिना पंचांग देखे विवाह, मुंडन, गृह प्रवेश, सगाई या किसी नए कार्य की शुरुआत की जा सकती है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, जिन लोगों के विवाह में विलंब हो रहा हो या वैवाहिक जीवन में तनाव हो, उनके लिए इस दिन पूजा, दान और विशेष अनुष्ठान करना लाभकारी माना गया है। यह दिन दोषमुक्त माना जाता है, इसलिए इसे मांगलिक कार्यों के लिए अत्यंत शुभ समझा जाता है।

**फुलेरा दूज पूजा विधि-** फुलेरा दूज के दिन प्रातःकाल स्नान कर स्वच्छ वस्त्र धारण करें। इसके बाद घर के मंदिर या नजदीकी मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण और राधा रानी की विधिपूर्वक पूजा करें। उन्हें ताजे, सुगंधित और रंग-बिरंगे फूल अर्पित करें।

कृष्ण मंत्रों का जाप करें और संभव हो तो भजन–कीर्तन में भाग लें। मंदिरों में विशेष रूप से फूलों से श्रृंगार किया जाता है और श्रद्धालु प्रेमपूर्वक फूलों की होली खेलते हैं। इस दिन दान–पुण्य करने का भी विशेष महत्व है। ऐसा करने से जीवन में सकारात्मक ऊर्जा और सुख-समृद्धि का वास होता है।

**प्रेम और उल्लास का प्रतीक पर्व–** फुलेरा दूज केवल एक धार्मिक तिथि नहीं, बल्कि प्रेम, भक्ति और आनंद का उत्सव है। यह सर्दी के अंत और वसंत के स्वागत का संदेश देता है। इसी दिन से ब्रज में होली का रंगारंग उत्सव प्रारंभ हो जाता है, जो आगे चलकर पूरे देश को रंगों में सराबोर कर देता है। वर्ष में फुलेरा दूज 19 फरवरी को मनाई जाएगी। इस शुभ अवसर पर पूजा–पाठ, दान और मांगलिक कार्य कर जीवन में सुख-समृद्धि और प्रेम का संचार किया जा सकता है।

## नए साल का व्रत—त्योहार कैलेंडर

- 21 फरवरी, दिन शनिवार: ढुण्ढिराज चतुर्थी
- 27 फरवरी, दिन शुक्रवार: आमलकी एकादशी
- 1 मार्च, दिन रविवार: रवि प्रदोष व्रत
- 3 मार्च, दिन मंगलवार: फाल्गुन पूर्णिमा
- 4 मार्च, दिन बुधवार: होली
- 6 मार्च, दिन शुक्रवार: भालचन्द्र संकष्टी
- 15 मार्च, दिन रविवार: पापमोचनी एकादशी
- 16 मार्च, दिन सोमवार: सोम प्रदोष व्रत
- 17 मार्च, दिन मंगलवार: चैत्र मासिक शिवरात्रि
- 19 मार्च, दिन बृहस्पतिवार: चैत्र अमावस्या, चैत्र नवरात्रि प्रारंभ
- 22 मार्च, दिन रविवार: वासुदेव चतुर्थी
- 26 मार्च, दिन गुरुवार: राम नवमी
- 29 मार्च, दिन रविवार: कामदा एकादशी
- 30 मार्च, दिन सोमवार: सोम प्रदोष व्रत

## कल का राशिफल

**मेष राशि** : दिन ठीक–ठाक रहने वाला है। आप किसी बात को लेकर थोड़े उलझन में रहेंगे। आपके मन में कुछ नया करने की इच्छाएं जागृत होंगी।

**वृष राशि** : दिन अच्छा रहेगा। ऑफिस में किसी सहकर्मी से मदद मिल सकती है। कार्यक्षेत्र में तरक्की होनी तय है। इस राशि की महिलाएं नए कपड़े खरीदने के लिए शॉपिंग के लिए जा सकती हैं।

**मिथुन राशि** : दिन बढ़िया रहेगा। दांपत्य रिश्ते में नई ताजगी महसूस करेंगे। आज पहले किये हुए किसी कार्य का लाभदायक परिणाम मिलाने से आपको खुशी होगी।

**कर्क राशि**: दिन महत्वपूर्ण रहेगा। आपकी सारी इच्छाएं पूरी होगी। स्वास्थ्य पहले से काफी अच्छा रहेगा। लवमेट के साथ शादी फिक्स हो सकती है।

**सिंह राशि** : दिन ताजगी से भरा रहेगा। आपके मन में बहुत-सी सकारात्मक भावनाएं आयेंगी। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत बना रहेगा। बेहतर होगा सामानों की लिस्ट बनाकर ही बाजार जाएं।

**कन्या राशि** : दिन सुनहरे पल लेकर आया है। परिवार का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। कुछ नया करने के लिए नए तरीके अपना सकते हैं। काम करने में आसानी होगी।

**तुला राशि** : दिन बहुत अच्छा रहेगा। बिना वजह घर के किसी सदस्य पर गुस्सा न करें। आपको किसी अपनों से धन की प्राप्ति होगी। किसी नए काम की शुरुआत पूरे उत्साह के साथ करें, लेकिन प्रयत्न में सतर्कता भी रखें।

**वृश्चिक राशि** : दिन आपके लिए किसी नई प्रॉपर्टी की खरीदारी के लिए रहेगा। आपको अपने आत्मविश्वास को मजबूत करके कामों को पूरा करने की आवश्यकता है, तभी वह आसानी से पूरे हो सकेंगे।

**धनु राशि** : दिन आपके अनुकूल रहेगा। आपके रुके हुए काम आसानी से पूरे हो जाएंगे। कई महत्वपूर्ण कामों में बदलाव भी होंगे। इस स्थिति में किस्मत आपका साथ देगी।

**मकर राशि** : भाग्य आपका पूरा साथ देगा। सोचा हुआ काम पूरा हो जाने से आपको प्रसन्नता होगी। जिसके प्रभाव से आर्थिक स्थिति में काफी सुधार आएगा। जॉब की तलाश कर रहे लोगों को रोजगार मिलने के योग बन रहे हैं।

**कुंभ राशि** : दिन फेवरेबल रहेगा। अपने बिजनेस में नये प्रयोग करने में आप सफल होंगे। आप जो भी सोचेंगे, उसमें आपको सफलता मिलेगी।

**मीन राशि** : दिन कॉन्फिडेंस के साथ शुरू होगा। कार्यस्थल पर लोगों द्वारा प्राप्त हो रही जानकारी का इस्तेमाल अपने काम को बेहतरीन बनाने के लिए करने की आवश्यकता है।

# महाभारत युद्ध का 16वां दिन: भीम ने दुशासन का किया वध, पूरी की भयानक प्रतिज्ञा

**यूनिक समय, मथुरा।** महाभारत का युद्ध धर्म और अधर्म के बीच लड़ा गया सबसे भीषण संग्राम माना जाता है। 18 दिनों तक चले इस युद्ध में कई वीर योद्धाओं का अंत हुआ। युद्ध के 16वें दिन एक ऐसी घटना घटी, जिसने इतिहास में क्रोध और प्रतिशोध की चरम सीमा को दर्शाया। इस दिन भीम ने कौरवों के योद्धा दुशासन का वध कर अपनी प्रतिज्ञा पूरी की।

महाभारत कथा के अनुसार, जब कुरुक्षेत्र के मैदान में भीम का सामना दुशासन से हुआ तो उन्हें द्रौपदी के चीरहरण का अपमान याद आ गया। चौपड़ के खेल में पांडवों की हार के बाद दुशासन ने द्रौपदी को बाल पकड़कर सभा में घसीटा था और उसके वस्त्र हरण का प्रयास किया था। उसी समय भीम ने प्रतिज्ञा की थी कि वह दुशासन का सीना चीरकर उसका रक्त पिएंगे। युद्ध के 16वें दिन भीम क्रोध से भर उठे। दोनों के बीच भयंकर द्वंद्व हुआ। अंततः भीम ने दुशासन को परास्त कर उसे धराशायी कर दिया। उन्होंने उसकी छाती फाड़ दी और प्रतिज्ञा के अनुसार उसका रक्त पिया। ऐसा कर उन्होंने द्रौपदी के अपमान का प्रतिशोध लिया। कथा के अनुसार, बाद में द्रौपदी ने भी अपने प्रण के अनुसार दुशासन के रक्त से अपने केश बांधे। इस प्रकार 16वें दिन भीम ने न केवल एक कौरव योद्धा का अंत किया, बल्कि अपमान का बदला लेकर अपनी प्रतिज्ञा भी पूरी की।

# संत प्रवर कार्ष्णि गुरुशरणानंद की साधना और तपस्या प्रेरणास्त्रोत

**प्रमुख संवाददाता**

**यूनिक समय, महावन।** कार्ष्णि उदासीन रमणरेती आश्रम में 95वें वार्षिक गोपाल जयंती महोत्सव का बुधवार से पांच दिवसीय शुभारंभ हो गया। इस अवसर पर योग गुरु बाबा रामदेव, रमेश भाई ओझा और मलूक पीठाधीश्वर सहित भारतवर्ष के कई संत समागम में शामिल हुए। महोत्सव के लिए आश्रम के तीन मुख्य द्वारों को केसरिया और श्वेत रंग के वस्त्रों से सजाया गया है। देशभर से पधारे संत–महात्माओं ने भक्तों को भक्ति मार्ग पर चलने का संदेश दिया और सनातन संस्कृति के महत्व पर प्रकाश डाला। आश्रम परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी और पूरा क्षेत्र आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर नजर आया। बुधवार प्रातः 5 बजे योग गुरु बाबा रामदेव ने योग शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों साधक शामिल हुए। उन्होंने विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराते हुए कहा कि योग केवल शरीर को निरोगी ही नहीं बनाता, बल्कि मन और आत्मा को भी शुद्ध करता है।



संत प्रवर कार्ष्णि गुरू शरणानंद महाराज से मुलाकात करते योग गुरु बाबा रामदेव।

उन्होंने कहा कि कार्ष्णि गुरुशरणानंद महाराज सनातन परंपरा के महान संत हैं, जिनकी साधना और तपस्या प्रेरणास्त्रोत है। योग गुरु बाबा रामदेव ने बाबरी मस्जिद विवाद पर कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने कहा कि भारत देश भगवान श्रीकृष्ण, राम, हनुमान और शिव का देश है। जो बाबरी की बात करेगा, वह बर्बाद हो जाएगा। यह बयान सनातन संस्कृति की रक्षा पर जोर देते हुए आया। बाबा रामदेव ने भक्तों से अपील की कि देश की धार्मिक विरासत को मजबूत रखें। प्रयागराज में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के साथ हुई अभद्रता पर बाबा रामदेव ने संत समाज को सलाह दी। उन्होंने कहा, "संतों को ऐसे विवादों में नहीं पड़ना चाहिए। आपस में विवाद न करें।" योग गुरु ने एकता का संदेश देते हुए भक्ति मार्ग पर ध्यान केंद्रित करने की बात कही। यह बयान संतों के बीच सदभाव बनाए रखने के उद्देश्य से था।

## सम्पादकीय

# बांग्लादेश : प्रधानमंत्री पद की शपथ लेते ही हिंदू हिंसा पर त्वरित कार्रवाई

तारिक रहमान ने बांग्लादेश के प्रधानमंत्री पद की शपथ लेते ही कानून-व्यवस्था को लेकर सख्त रुख अपना लिया है। शपथ ग्रहण के तुरंत बाद उन्होंने हिंदू समुदाय के खिलाफ हिंसा और चुनाव के दौरान मारपीट के आरोपों में शामिल नेताओं पर कार्रवाई शुरू कर दी है। उनके इस कदम को चुनावी वादों पर तत्काल अमल के रूप में देखा जा रहा है। प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने के साथ ही तारिक रहमान ने स्पष्ट संकेत दिया कि उनकी प्राथमिकता देश में शांति, सुरक्षा और कानून का राज स्थापित करना है। उनके साथ 13 अन्य कैबिनेट मंत्रियों ने भी शपथ ली। खास बात यह रही कि नई कैबिनेट में दो हिंदू नेताओं को भी शामिल किया गया है, जिसे सर्वधर्म समभाव और समावेशी राजनीति का संकेत माना जा रहा है।



पवन गौतम
संपादक


भारत की ओर से शपथ समारोह में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और विदेश सचिव विक्रम मिश्री की उपस्थिति भी उल्लेखनीय रही, जो दोनों देशों के संबंधों की अहमियत को दर्शाती है। चुनाव प्रचार के दौरान तारिक रहमान ने वादा किया था कि वे बांग्लादेश में कानून–व्यवस्था को पटरी पर लाएंगे और हिंदू समुदाय के खिलाफ होने वाली हिंसा पर सख्त कानूनी सुरक्षा तंत्र लागू करेंगे। शपथ लेते ही उन्होंने इस दिशा में कदम बढ़ा दिए हैं। सूत्रों के अनुसार, सिराजगंज में अल्पसंख्यक समुदाय की दुकानों में तोड़फोड़ और जबरन वसूली के आरोपों में उनकी पार्टी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने तीन नेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इसके अलावा वोटरों को डराने–धमकाने और चुनावी हिंसा के आरोप में दो अन्य नेताओं को निलंबित कर दिया गया है। तारिक रहमान ने साफ कर दिया है कि उनकी सरकार में कानून–व्यवस्था से समझौता नहीं होगा, चाहे आरोप उनकी अपनी पार्टी के नेताओं पर ही क्यों न हों। हमलों के आरोप में जिन नेताओं को नोटिस दिया गया है, उनमें फिरोज अहमद और आरजू अहमद के नाम भी शामिल बताए जा रहे हैं। पार्टी सूत्रों का कहना है कि चुनाव जीतने के बाद बीएनपी ने संगठन के भीतर अनुशासन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। हिंसा या अवैध गतिविधियों में शामिल पाए जाने वाले किसी भी नेता के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रधानमंत्री बनने के बाद तारिक रहमान लगातार यह संदेश दे रहे हैं कि उनका उद्देश्य देश में सामान्य हालात बहाल करना है। उन्होंने कानून–व्यवस्था को मजबूत करने और सभी समुदायों को सुरक्षा देने की बात दोहराई है। विशेष रूप से हिंदू समुदाय के खिलाफ हिंसा को लेकर उनकी सरकार का रुख कड़ा दिखाई दे रहा है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह कदम न केवल अल्पसंख्यकों को भरोसा देने के लिए है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सकारात्मक संदेश देने की रणनीति भी हो सकता है। नई कैबिनेट में विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधित्व को शामिल करना तारिक रहमान की समावेशी सोच को दर्शाता है।

## नजरिया

# रूस से भारत का आयात 40 फीसदी कम : ट्रेड डेटा ने चौंकाया

**अभिनय आकाश**



भारत और रूस के बीच व्यापारिक संबंधों को लेकर एक बड़ा बदलाव देखने को मिला है। ताजा ट्रेड डेटा के अनुसार, रूस से भारत का कुल आयात पिछले साल जनवरी की तुलना में लगभग 40 प्रतिशत तक गिर गया है। यह गिरावट केवल मामूली उतार-चढ़ाव नहीं, बल्कि ऊर्जा और कूटनीतिक दबावों से जुड़ा एक बड़ा संकेत मानी जा रही है। पिछले वर्ष जनवरी में रूस से भारत का आयात लगभग 4.81 बिलियन डॉलर था, जो घटकर करीब 2.86 बिलियन डॉलर रह गया। यानी लगभग 1.95 बिलियन डॉलर की कमी दर्ज की गई है। इस गिरावट का सबसे बड़ा कारण रूसी कच्चे तेल की खरीद में भारी कटौती बताया जा रहा है।

भारत रूस से जो सामान आयात करता है, उसमें सबसे बड़ा हिस्सा कच्चे तेल (क्रूड ऑयल) का होता है। आमतौर पर रूस से भारत के कुल आयात में लगभग 80 प्रतिशत हिस्सेदारी कच्चे तेल की ही रहती है। अनुमान है कि रूस से भेजे गए तेल शिपमेंट की कुल कीमत लगभग 2.3 बिलियन डॉलर या उससे भी कम रही। यह पिछले महीनों के मुकाबले काफी कम है। भारत की कई प्रमुख रिफाइनर कंपनियों ने रूसी तेल की खरीद में कमी की पुष्टि की है। विशेष रूप से देश की सबसे बड़ी निजी रिफाइनर कंपनी रिलांयस इंडस्ट्रीज ने संकेत दिया कि उसे जनवरी में रूस से किसी बड़ी क्रूड डिलीवरी की उम्मीद नहीं थी। अन्य रिफाइनर कंपनियों ने भी लागत और संभावित ट्रेड पेनल्टी से बचने के लिए रूसी तेल की खरीद घटा दी। रूस से क्रूड ऑयल की खरीद में गिरावट अचानक नहीं आई। इसकी शुरुआत पिछले साल तब हुई जब संयुक्त राज्य अमेरिका ने भारत पर ट्रेड प्रेशर और पेनल्टी से जुड़े कदम उठाए। अमेरिका ने भारतीय निर्यात पर अतिरिक्त टैरिफ लगाने और रूस से ऊर्जा खरीद से जुड़े मामलों पर सख्ती दिखाई। मध्य में इन टैरिफ और दंडात्मक शुल्कों में तेजी आई, जिससे भारतीय कंपनियों के लिए रूसी तेल खरीदना महंगा पड़ने लगा। इन आर्थिक दबावों के कारण भारतीय रिफाइनर कंपनियों ने जोखिम कम करने की रणनीति अपनाई। बढ़ती लागत, भुगतान व्यवस्था की जटिलताएं और संभावित प्रतिबंधों के डर से रूस पर निर्भरता कम करने की दिशा में कदम बढ़ाए गए। हालांकि कच्चा तेल रूस से भारत के आयात का सबसे बड़ा हिस्सा है, लेकिन इसके अलावा भी कई महत्वपूर्ण वस्तुएं रूस से खरीदी जाती हैं। इनमें प्रमुख रूप से शामिल हैं - कोयला, उर्वरक, (फर्टिलाइजर), लोहे और इस्पात के उत्पाद, अखबारी कागज, दालें, कीमती पत्थर। इन वस्तुओं का आयात जारी है, लेकिन तेल की तुलना में इनकी मात्रा और कुल मूल्य कम है। इसलिए जब तेल आयात में गिरावट आती है तो कुल व्यापार आंकड़ों पर उसका बड़ा प्रभाव दिखाई देता है। रूस से आयात कम होने के बाद भारतीय रिफाइनर अब अन्य देशों से सस्ते और स्थिर आपूर्ति विकल्प तलाश रहे हैं। इनमें प्रमुख रूप से शामिल हैंः वेनेजुएला, संयुक्त राज्य अमेरिका, मध्य पूर्व के प्रमुख तेल उत्पादक देश, भारत की यह रणनीति केवल अस्थायी कदम नहीं, बल्कि ऊर्जा आपूर्ति को विविध बनाने की दीर्घकालिक नीति का हिस्सा मानी जा रही है। विशेषज्ञों का मानना है कि ऊर्जा सुरक्षा के लिए किसी एक देश पर अत्यधिक निर्भरता जोखिम भरी हो सकती है। इसलिए भारत अब मल्टी-सोर्सिंग मॉडल की ओर बढ़ रहा है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि आने वाले महीनों में रूस से आयात का स्तर कम बना रह सकता है। हालांकि यह पूरी तरह वैश्विक राजनीतिक परिस्थितियों, अमेरिकी नीतियों और तेल की अंतरराष्ट्रीय कीमतों पर निर्भर करेगा। हाल ही में अमेरिकी प्रशासन द्वारा कुछ दंडात्मक टैरिफ में नरमी के संकेत मिले हैं। यदि यह रुख स्थिर रहता है तो भारत को अपनी ट्रेड पोजीशन संतुलित करने में मदद मिल सकती है। इससे ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला को नया आकार देने का अवसर भी मिलेगा। फिर भी, फिलहाल संकेत यही हैं कि भारत रूस पर अपनी निर्भरता धीरे–धीरे कम कर रहा है और ऊर्जा आयात के स्त्रोतों में विविधता ला रहा है।

रूस-यूक्रेन संघर्ष के बाद भारत ने रियायती दरों पर रूसी तेल का बड़ा आयात शुरू किया था। इससे भारत को ऊर्जा लागत कम रखने में मदद मिली थी। लेकिन बदलते वैश्विक समीकरणों और पश्चिमी देशों के दबाव ने भारत की रणनीति को पुनः संतुलित करने पर मजबूर किया है। अब भारत की प्राथमिकता है- ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना, लागत नियंत्रण बनाए रखना, वैश्विक व्यापार संबंधों में संतुलन कायम रखना, इसी संतुलन के तहत रूस से आयात में 40 प्रतिशत की गिरावट को एक रणनीतिक बदलाव के रूप में देखा जा रहा है।

## विचार विण्डो

# बंगाल का भविष्य: धर्म की लहर या प्रगति की राह?

**ललित गर्ग**

पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव की औपचारिक घोषणा भले अभी शेष हो, लेकिन राजनीतिक वातावरण पूरी तरह चुनावी रंग में रंग चुका है। इस बार मुकाबला केवल विकास के दावों और उपलब्धियों तक सीमित नहीं दिख रहा, बल्कि पहचान, अस्मिता और धर्म के प्रश्नों के इर्द–गिर्द केंद्रित होता नजर आ रहा है। संकेत स्पष्ट हैं कि चुनावी विमर्श विकास बनाम विकास की तुलना से आगे बढ़कर वैचारिक और सांस्कृतिक ध्रुवीकरण की ओर मुड़ सकता है। बंगाल की राजनीति लंबे समय तक वर्ग–संघर्ष, वाम वैचारिकी और सामाजिक न्याय के नारों पर आधारित रही। लगभग तीन दशकों तक भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के नेतृत्व में वाम मोर्चा सत्ता में रहा। उससे पहले भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का प्रभाव था। लेकिन 2011 में सत्ता परिवर्तन के साथ राजनीतिक समीकरण बदल गए। ममता बनर्जी के नेतृत्व में तृणमूल कांग्रेस ने सत्ता संभाली और धीरे–धीरे मुकाबला दो ध्रुवों–तृणमूल और भारतीय जनता पार्टी–के बीच सिमट गया। वाम दल और कांग्रेस हाशिए पर चले गए। यह द्विध्रुवीय राजनीति चुनाव को




अधिक तीखा और पहचान–केन्द्रित बना रही है। भाजपा की रणनीतिः असुरक्षा और पहचान का विमर्श, भाजपा का चुनावी अभियान चार प्रमुख मुद्दों पर आधारित दिखता है– हिंदू असुरक्षा का प्रश्न, बांग्लादेशी घुसपैठ, महिलाओं की सुरक्षा, भ्रष्टाचार, सीमावर्ती जिलों का हवाला देते हुए जनसांख्यिकीय बदलाव का तर्क प्रस्तुत किया जा रहा है। अवैध घुसपैठ का मुद्दा नया नहीं है, लेकिन इसे इस बार चुनावी ऊर्जा के साथ जोड़ा गया है। शिक्षक भर्ती घोटाला, आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज की घटना और कथित भ्रष्टाचार को शासन की विफलता के प्रतीक के रूप में प्रचारित किया जा रहा है। भाजपा का उद्देश्य 70 प्रतिशत हिंदू मतदाताओं के बीच एक साझा असुरक्षा–बोध उत्पन्न कर उसे मतदान व्यवहार में परिवर्तित करना है। ममता बनर्जी के सामने चुनौती दोहरी है। एक ओर उन्हें अल्पसंख्यक मतदाताओं का विश्वास बनाए रखना है, दूसरी ओर हिंदू मतदाताओं को यह भरोसा भी दिलाना है कि उनकी आस्था और अस्मिता सुरक्षित है। 2021 के चुनाव में जब भाजपा ने 'जय श्रीराम' के नारे को प्रमुखता दी, तब ममता ने 'जय मां दुर्गा' और 'चंडी पाठ' के माध्यम से सांस्कृतिक प्रत्युत्तर दिया। हाल ही में कोलकाता के न्यू टाउन में 'दुर्गा आंगन' का शिलान्यास इसी रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। उनका संदेश स्पष्ट है-बंगाल की हिंदू पहचान सांस्कृतिक है, राजनीतिक ध्रुवीकरण का माध्यम नहीं। वे धर्म को राष्ट्रवाद के बजाय क्षेत्रीय अस्मिता से जोड़ने की कोशिश करती हैं। मुस्लिम मतदाताओं का समीकरण, मुर्शिदाबाद में पूर्व तृणमूल नेता द्वारा 'बाबरी मस्जिद' शिलान्यास की पहल ने राजनीतिक जटिलता बढ़ाई है। यदि मुस्लिम मतों का बंटवारा होता है, तो तृणमूल का गणित प्रभावित हो सकता है। 2021 में तृणमूल को लगभग 48 प्रतिशत वोट और 223 सीटें मिली थीं, जबकि भाजपा को 38 प्रतिशत वोट और 65 सीटें। यदि मुस्लिम मतों में 5-10 प्रतिशत का भी विचलन होता है, तो कई सीटों का परिणाम बदल सकता है। यह संभावना भाजपा के लिए अवसर और तृणमूल के लिए चुनौती बन सकती है। विकास का प्रश्नः क्या होगा केंद्र में? यह प्रश्न केवल चुनावी गणित का नहीं, बल्कि राजनीति के चरित्र का भी है। क्या बंगाल धार्मिक पहचान की प्रयोगशाला बनेगा या विकास के प्रश्नों पर लौटेगा? कभी देश की आर्थिक और सांस्कृतिक राजधानी कहे जाने वाले बंगाल की औद्योगिक रफ्तार आज धीमी है। अधूरी मेट्रो परियोजनाएं, बंद कारखाने और निवेश की कमी विकास की चुनौतियों को दर्शाती हैं। 2011 में टाटा के नैनो प्रोजेक्ट का राज्य से बाहर जाना एक प्रतीकात्मक मोड़ था, जिसने उद्योग और भूमि अधिग्रहण के प्रश्न को राजनीतिक बना दिया। आज भी बड़े निवेश की प्रतीक्षा जारी है। युवा रोजगार के लिए अन्य राज्यों में जा रहे हैं। कई बार उन्हें बाहरी या 'बांग्लादेशी' कहकर अपमानित किए जाने की खबरें आती हैं, जो आत्मसम्मान का प्रश्न बन जाती हैं। लेकिन चुनावी विमर्श में ये मुद्दे अक्सर पीछे छूट जाते हैं। ममता बनर्जी केंद्र सरकार पर वित्तीय भेदभाव का आरोप लगाती हैं, जबकि भाजपा राज्य सरकार पर भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण का। केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाइयों को लेकर दोनों पक्षों में तीखा टकराव है। इस राजनीतिक संघर्ष का परिणाम यह हुआ है कि प्रशासनिक संवाद भी राजनीतिक विवाद का हिस्सा बन गया है।

विकास का एजेंडा आरोप–प्रत्यारोप की भेंट चढ़ जाता है। इतिहास बताता है कि धार्मिक उभार अल्पकालिक ऊर्जा देता है, लेकिन दीर्घकालिक शासन–क्षमता की कसौटी पर विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के प्रश्नों से जूझना ही पड़ता है। यदि चुनाव "कौन किसका प्रतिनिधि है" तक सीमित रह गया, तो "कौन क्या करेगा" का प्रश्न अनुत्तरित रह जाएगा। बंगाल की सांस्कृतिक परंपरा बहुलतावाद में रही है।

### ऑस्ट्रेलिया का दबदबा अब खत्म हो गया

# टी20 विश्व कप से बाहर होते ही ऑस्ट्रेलिया पर बरसे ग्लेन मैक्ग्रा



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** टी20 विश्व कप 2026 में ऑस्ट्रेलिया की टीम का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। प्रतियोगिता शुरू होने से पहले उसे खिताब का प्रबल दावेदार माना जा रहा था,

लेकिन उसका सफर समूह चरण में ही समाप्त हो गया। मिचेल मार्श की अगुवाई में उतरी टीम श्रेष्ठ आठ में भी स्थान नहीं बना सकी। इस अप्रत्याशित बाहर होने के बाद पूर्व दिग्गज तेज गेंदबाज ग्लेन मैक्ग्रा ने टीम चयन और प्रदर्शन दोनों पर तीखी प्रतिक्रिया दी है।

मैक्ग्रा ने कहा कि उन्होंने प्रतियोगिता की शुरुआत में ही चिंता जताई थी और परिणाम चौंकाने वाले नहीं हैं। उनके अनुसार अब ऑस्ट्रेलिया का पूर्व जैसा दबदबा समाप्त हो चुका है। उन्होंने चयनकर्ताओं के निर्णयों पर प्रश्न उठाते हुए कहा कि कुछ खिलाड़ियों को बिना स्पष्ट भूमिका के दल में शामिल किया गया। विशेष रूप से उन्होंने कैमरून ग्रीन के चयन पर सवाल किया। उनका कहना था कि यदि किसी खिलाड़ी को सर्वगुण संपन्न के रूप में चुना गया है तो उसे गेंदबाजी और बल्लेबाजी दोनों में योगदान देना चाहिए। ग्रीन न तो बल्लेबाजी में सफल रहे और न ही गेंदबाजी में उपयोग किए गए, जिससे चयन की मंशा पर संदेह होता है।

पूर्व तेज गेंदबाज जेसन गिलेस्पी ने भी चयन प्रक्रिया की आलोचना की। उन्होंने कहा कि जिन युवा खिलाड़ियों पर भरोसा जताया गया, वे अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतर सके। टीम संयोजन में संतुलन का अभाव साफ दिखाई दिया।

समूह चरण में मिली हारों ने यह संकेत दिया कि केवल प्रतिष्ठा के आधार पर सफलता सुनिश्चित नहीं होती। अब ऑस्ट्रेलिया को आत्ममंथन की आवश्यकता है। आगामी मुकाबले में उसे ओमान के विरुद्ध उतरना है, परंतु प्रतियोगिता से बाहर होने के कारण यह मैच औपचारिकता मात्र रह गया है।

विशेषज्ञों का मानना है कि भविष्य में बेहतर योजना, संतुलित चयन और स्पष्ट रणनीति के बिना पूर्व गौरव की पुनर्प्राप्ति कठिन होगी।

### पर्सनालिटी में अभिषेक से नहीं कम

# अमिताभ बच्चन के टॉल–हैंडसम भतीजे भीम बच्चन



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा के महानायक अमिताभ बच्चन का नाम पिछले पांच दशकों से इंडस्ट्री में चमक रहा है। उनकी पत्नी जया बच्चन, बेटे अभिषेक बच्चन और बहू ऐश्वर्या राय बच्चन भी फिल्मी दुनिया के चर्चित नाम हैं। हाल के वर्षों में उनके नाती अगस्त्य नंदा ने भी अभिनय की दुनिया में कदम रखा है। लेकिन बच्चन परिवार का एक सदस्य ऐसा भी है, जो लाइमलाइट से दूर रहकर अपनी अलग पहचान बना रहा है–और वह हैं अमिताभ के भतीजे भीम बच्चन।

अमिताभ के छोटे भाई अजिताभ बच्चन हमेशा से लो प्रोफाइल रहे हैं। उनके चार बच्चे हैं–नैना, निलिमा, नम्रता और बेटा भीम बच्चन। जहां नैना एक इन्वेस्टमेंट बैंकर हैं और अभिनेता कुणाल कपूर की पत्नी हैं, वहीं निलिमा एयरोनॉटिकल इंजीनियर और नम्रता पेंटर व फोटोग्राफर हैं। परिवार का इकलौता बेटा भीम भी अपनी बहन की तरह इन्वेस्टमेंट बैंकिंग की दुनिया में सक्रिय है।

भीम बच्चन पेशे से इन्वेस्टमेंट बैंकर हैं और पहले अमेरिका में काम कर चुके हैं। उन्होंने बियर स्टियर्स एंड कंपनी में सेवाएं दीं और अब मुंबई में रहकर अपना करियर आगे बढ़ा रहे हैं। लंबा कद, आकर्षक व्यक्तित्व और सादगी भरा अंदाज–भीम की पर्सनालिटी किसी फिल्मी स्टार से कम नहीं लगती।

जहां एक ओर बच्चन परिवार का बड़ा हिस्सा सिनेमा से जुड़ा है, वहीं भीम ने ग्लैमर से दूर कॉरपोरेट दुनिया में अपनी पहचान बनाई है। यही वजह है कि वह कम सुर्खियों में रहते हैं, लेकिन जब भी उनकी तस्वीरें सामने आती हैं, लोग उनकी तुलना अभिषेक बच्चन से करने लगते हैं।

### कप्तान का बड़ा खुलासा

# ऑस्ट्रेलिया दौरे पर पाकिस्तान हॉकी टीम की बदइंतजामी



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** पाकिस्तान पुरुष राष्ट्रीय मैदानी हॉकी टीम का ऑस्ट्रेलिया दौरा खेल से अधिक अव्यवस्था और कुप्रबंधन के कारण चर्चा में रहा। टीम के कप्तान शकील अम्माद बट ने स्वदेश लौटते ही संघ के प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को मुकाबले से पहले रसोई साफ करनी पड़ी और बर्तन तक धोने पड़े। कप्तान के अनुसार जब खिलाड़ी मैदान पर उतरने से पहले ऐसी परिस्थितियों से गुजरें, तो अच्छे परिणाम की अपेक्षा करना कठिन हो जाता है।


दौरे के दौरान व्यवस्था का अभाव स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। सिडनी हवाई अड्डे पर खिलाड़ियों को तेरह से चौदह घंटे तक प्रतीक्षा करनी पड़ी। इसके बाद जब वे ठहरने के स्थान पर पहुंचे तो पता चला कि अग्रिम धनराशि का भुगतान न होने के कारण कक्ष आरक्षित ही नहीं थे। टीम को घंटों तक इधर–उधर भटकना पड़ा और अंततः अस्थायी व्यवस्था की गई। अगले ही दिन उन्हें अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता का महत्वपूर्ण मुकाबला खेलना था, जिसमें उन्हें पराजय का सामना करना पड़ा। इस पूरे दौरे में मेजबान दल और एक अन्य यूरोपीय दल के विरुद्ध भी हार झेलनी पड़ी।

कप्तान ने यह भी आरोप लगाया कि खिलाड़ियों को माध्यमों से बातचीत न करने की चेतावनी दी गई थी। उन्होंने कहा कि वे इसलिए सामने आए हैं क्योंकि जो कुछ उन्होंने सहा, वह अस्वीकार्य है। इस प्रकरण की जानकारी उच्च स्तर तक पहुंच चुकी है और जांच के आदेश दिए गए हैं।

कप्तान ने आगे कहा कि यदि देश को फिर से विश्व स्तर पर सम्मान प्राप्त करना है, तो बेहतर प्रबंधन, सुव्यवस्थित योजना और अनुभवी विदेशी प्रशिक्षक की आवश्यकता है। उनके अनुसार टीम में प्रतिभा की कमी नहीं है, कमी है तो केवल दिशा और मजबूत व्यवस्था की। यह घटना देश की हॉकी व्यवस्था पर गंभीर प्रश्न खड़े करती है।




# जिस फिल्म ने बनाया पैन इंडिया स्टार, उसी ने बिगाड़ी सेहत



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** साउथ सिनेमा के स्टार राणा दग्गुबाती को असली पैन इंडिया पहचान बाहुबली: द बिगिनिंग और बाहुबली 2: द कन्क्लूजन से मिली। एस. एस. राजामौली के निर्देशन में बनी इस ब्लॉकबस्टर फिल्म में राणा ने भल्लालदेव का दमदार किरदार निभाया था। उनकी शानदार बॉडी, प्रभावशाली पर्सनालिटी और खतरनाक अंदाज ने दर्शकों पर गहरी छाप छोड़ी। लेकिन जिस किरदार ने उन्हें शोहरत की बुलंदियों पर पहुंचाया, उसी ने उनकी सेहत पर गंभीर असर डाला। हाल ही में राणा ने रिया चक्रवर्ती के पॉडकास्ट में खुलासा किया कि 'बाहुबली' के बाद उनकी हेल्थ पूरी तरह बिगड़ गई थी। उन्होंने बताया कि फिल्म के बाद उनके पास कई बड़े प्रोजेक्ट्स आए, जिनमें एक विशालकाय रेसलर की कहानी भी शामिल थी। हालांकि, खराब सेहत के

### राणा दग्गुबाती का बड़ा खुलासा

कारण उन्हें ये फिल्में छोड़नी पड़ीं और कुछ निर्माताओं को पैसे तक लौटाने पड़े। राणा ने बताया कि उनकी किडनी तक फेल हो गई थी, जिसके इलाज के लिए उन्हें अमेरिका जाना पड़ा। वहां करीब एक साल तक उन्होंने सख्त डाइट और अनुशासित जीवनशैली अपनाई। इस दौरान उन्होंने अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता दी और पूरी तरह रिकवरी के बाद ही भारत लौटे। अमेरिका से वापस आने के बाद राणा ने अपने करियर को लेकर बड़ा फैसला लिया। उन्होंने तय किया कि अब वे केवल चुनिंदा और मजबूत स्क्रिप्ट्स पर ही काम करेंगे। क्वांटिटी की बजाय क्वालिटी को तरजीह देते हुए उन्होंने अलग और दमदार किरदारों का चयन शुरू किया।

# सलीम खान की सर्जरी की खबरें गलत, डॉक्टर ने बताया असली हेल्थ अपडेट



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** दिग्गज लेखक सलीम खान की सेहत को लेकर फैली अफवाहों पर आखिरकार विराम लग गया है। मंगलवार को उन्हें मुंबई के लीलावती अस्पताल में भर्ती कराए जाने की खबर सामने आई थी, जिसके बाद सोशल मीडिया पर उनकी सर्जरी को लेकर तरह–तरह की अटकलें लगाई जाने लगीं।

अब अस्पताल के डॉक्टरों ने आधिकारिक बयान जारी कर स्थिति स्पष्ट कर दी है। डॉ. जलील पारकर ने बताया कि सलीम खान को हल्का ब्रेन हेमरेज हुआ था, जिसके लिए डीएसए (डिजिटल सब्ट्रैक्शन एंजियोग्राफी) नामक एक डायग्नोस्टिक प्रक्रिया की गई। यह कोई ओपन सर्जरी नहीं थी, बल्कि एक सामान्य मेडिकल प्रक्रिया थी और सफल रही।

फिलहाल उन्हें एहतियातन आईसीयू में रखा गया है और रिकवरी के लिए वेंटिलेटर सपोर्ट दिया जा रहा है। डॉक्टरों के अनुसार उनकी हालत स्थिर है और जल्द सुधार की उम्मीद है।

अस्पताल में उनके बेटे सलमान खान सहित पूरा परिवार मौजूद है। डॉक्टरों ने मीडिया से अपील की है कि परिवार की निजता का सम्मान किया जाए।

### मायावती का ऐलान

# यूपी विधानसभा चुनाव अकेले लड़ेगी बहुजन समाज पार्टी

**यूनिक समय, लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने बुधवार को स्पष्ट किया कि उनकी पार्टी आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव अकेले अपने दम पर लड़ेगी। उन्होंने गठबंधन संबंधी अटकलों को फेक न्यूज बताते हुए खारिज किया और कहा कि बसपा किसी भी दल के साथ समझौता नहीं करेगी।



मायावती ने कहा कि जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आएंगे, विरोधी दल बसपा को कमजोर करने और सत्ता से दूर रखने की साजिशें करेंगे। उन्होंने कांग्रेस, सपा और भाजपा पर संकीर्ण व अंबेडकर विरोधी सोच रखने का आरोप लगाया। कार्यकर्ताओं से आह्वान करते हुए कहा कि वे 2007 की तरह एकजुट होकर पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने के लक्ष्य के साथ काम करें।

उन्होंने देशभर के अंबेडकरवादियों से बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के आत्मसम्मान आंदोलन को मजबूत करने की अपील की। साथ ही दिल्ली में टाइप-8 बंगला आवंटन पर सफाई देते हुए कहा कि यह उनकी सुरक्षा जरूरतों के तहत मिला है। उन्होंने 2 जून 1995 के लखनऊ गेस्ट हाउस कांड का उल्लेख करते हुए कहा कि उस घटना के बाद से उन्हें उच्च स्तरीय सुरक्षा दी गई थी, जो अब भी आवश्यक है।

## वाराणसी के दालमंडी में चौड़ीकरण अभियान तेज

**यूनिक समय, वाराणसी।** दालमंडी चौड़ीकरण योजना के तहत बुधवार को प्रशासन ने तीन चिह्नित भवनों पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू की। जर्जर घोषित किए गए इन भवनों को हटाने के लिए पुलिस, नगर निगम, राजस्व विभाग और वीडीए की संयुक्त टीम मौके पर मौजूद रही। कार्रवाई के दौरान पूरे क्षेत्र में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए।




भवन स्वामियों द्वारा संपत्ति संबंधी औपचारिकताएं पूरी किए जाने के बाद बुलडोजर की मदद से बाहरी हिस्सों को तोड़ा गया।

इसके बाद मजदूरों ने अंदरूनी हिस्सों को हटाने का काम किया। लंगड़ा हाफिज मस्जिद की ओर से बुलडोजर को क्षेत्र में प्रवेश कराया गया। ध्वस्तीकरण से पहले संबंधित भवनों की मुनादी भी कराई गई थी।

घनी आबादी वाले दालमंडी क्षेत्र में किसी भी अप्रिय स्थिति से बचने के लिए प्रशासन ने एरियल सर्विलांस की व्यवस्था की है। ड्रोन के माध्यम से इलाके की लगातार निगरानी की जा रही है और पूरी कार्रवाई की रिकॉर्डिंग की जा रही है।

एसीपी कोतवाली डॉ. अतुल अंजान त्रिपाठी ने बताया कि संवेदनशीलता

### तीन भवनों पर चला बुलडोजर, ड्रोन से निगरानी

को देखते हुए ड्रोन निगरानी की जा रही है। सर्विलांस रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी।

## गाजियाबाद में ब्लिंकिट डिलीवरी बॉय की बेरहमी से पिटाई

**यूनिक समय, गाजियाबाद।** शालीमार गार्डन इलाके में ब्लिंकिट के एक डिलीवरी बॉय की बेरहमी से पिटाई का मामला सामने आया है। घटना 17 फरवरी की रात करीब 10:30 बजे की बताई जा रही है, जिसका वीडियो सीसीटीवी में कैद हुआ है। जानकारी के अनुसार, डिलीवरी बॉय दीपक एक ऑर्डर देने पहुंचा था, जिसमें सामान मिस होने को लेकर विवाद हो गया। बाद में वह सामान वापस लेने ग्राहक के पास पहुंचा, जहां 3-4 युवकों ने उसकी बाइक घेर ली। आरोपियों ने उसे सड़क पर गिराकर लात-घूसों से जमकर पीटा। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों के खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## अलीगढ़ में पत्नी से विवाद के बाद दो युवकों की मौत

**यूनिक समय, अलीगढ़।** बरला थाना क्षेत्र के दो गांवों में पत्नी से विवाद के बाद दो युवकों ने फंदा लगाकर जान दे दी। घटनाओं से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने एक मामले में शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है, जबकि दूसरे मामले में परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया। पहली घटना गांव उत्तरा की है। यहां

### अलग-अलग गांवों में घटनाएं

21 वर्षीय गगनदीप, पुत्र उज्जल सिंह उर्फ उदयराम, मंगलवार सुबह नीम के पेड़ पर फंदे से लटका मिला। बताया गया है कि उसकी शादी एक वर्ष पहले हुई थी और तभी से पति-पत्नी के बीच विवाद चल रहा था। रविवार रात कहासुनी के बाद वह घर से निकल गया था। सुबह ग्रामीणों ने उसका शव पेड़ पर लटका देखा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के पिता सिकंदराबाद में ईंट भट्टे पर मुनीम हैं।

दूसरी घटना गांव अलहदादपुर की है। यहां 26 वर्षीय ज्ञान सिंह, पुत्र नत्थू सिंह, ने मंगलवार सुबह विवाद के बाद कमरे में जाकर दरवाजा बंद कर लिया और पंखे से फंदा लगा लिया। परिजनों ने दरवाजा तोड़कर देखा तो उसकी मौत हो चुकी थी। वह अपने पीछे पत्नी और एक छोटे बेटे को छोड़ गया है। पुलिस के अनुसार मामले की जानकारी औपचारिक रूप से नहीं दी गई।

### ड्राइवर ने कूदकर बचाई जान

## कौशांबी में कच्चे तेल से भरा टैंकर बना आग का गोला

**यूनिक समय, कौशांबी।** उत्तर प्रदेश के कौशांबी जिले में नेशनल हाईवे पर उस समय हड़कंप मच गया, जब कच्चे तेल से भरा एक टैंकर अचानक आग का गोला बन गया। यह हादसा सैनी कोतवाली क्षेत्र के नेशनल हाईवे-2 पर लोहदा गांव के पास हुआ, जहां टायर फटने से टैंकर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे बिजली के खंभे से टकरा गया। टक्कर के बाद हाई वोल्टेज लाइन से निकली चिंगारी ने टैंकर को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे उसमें भीषण आग लग गई।



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टायर फटते ही टैंकर का संतुलन बिगड़ गया और वह पलटते हुए बिजली के खंभे से जा टकराया। खंभे से गुजर रही करीब 11 हजार वोल्ट की लाइन से निकली चिंगारी के कारण टैंकर में भरे कच्चे तेल ने तुरंत आग पकड़ ली। देखते ही देखते टैंकर धू-धूकर जलने लगा और आसमान में काले धुएं का गुबार उठने लगा। आग की तेज लपटों को देखकर मौके पर मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। इस दौरान टैंकर चालक विनीत कुमार ने सूझबूझ और हिम्मत का परिचय देते हुए जलते वाहन से कूदकर अपनी जान बचाई। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। हालांकि, तब तक टैंकर पूरी तरह जलकर खाक हो चुका था।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, टैंकर में भरा कच्चा तेल दिल्ली से कोलकाता ले जाया जा रहा था। इस हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, जिससे प्रशासन ने राहत की सांस ली। वहीं, घटना का वीडियो स्थानीय लोगों ने अपने मोबाइल फोन में रिकॉर्ड कर लिया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक कदम उठाने की बात कही है।

## गोरखपुर-अहमदाबाद एक्सप्रेस में युवती से दुष्कर्म की कोशिश

**यूनिक समय, गोरखपुर।** गोरखपुर-अहमदाबाद एक्सप्रेस के एसी प्रथम श्रेणी कोच में 22 वर्षीय युवती से दुष्कर्म की कोशिश का मामला सामने आया है। आरोपित टीटीई राहुल कुमार को रेलवे प्रशासन ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। एसपी रेलवे लक्ष्मी निवास मिश्र ने फरार आरोपी पर 10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। जानकारी के अनुसार युवती मूल रूप से मऊजिले की रहने वाली है और गोरखपुर में रहकर सेना भर्ती की तैयारी कर रही है। रविवार को एनसीसी 'सी' सर्टिफिकेट की परीक्षा देकर लौटते समय वह बलिया स्टेशन पर टिकट न ले सकी और ट्रेन में सवार हो गई। आरोप है कि टीटीई ने बिना टिकट कार्रवाई का डर दिखाकर पहले सीट दिलाने का भरोसा दिया, फिर इंदारा

### आरोपी टीटीई निलंबित 10 हजार का इनाम घोषित

और देवरिया के बीच केबिन में ले जाकर दुष्कर्म की कोशिश की।

पीड़िता ने विरोध कर किसी तरह बाहर निकलकर 112 पर सूचना दी। इसके बाद आरोपी देवरिया स्टेशन पर उतरकर फरार हो गया। गोरखपुर पहुंचकर युवती ने जीआरपी में तहरीर दी, जिसके आधार पर मामला दर्ज कर विवेचना देवरिया स्थानांतरित की गई है। जीआरपी और स्थानीय पुलिस की टीमें संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। एसपी रेलवे ने भरोसा दिलाया है कि आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## मेरठ के मोदीपुरम में फरसा लेकर युवक का तांडव

**यूनिक समय, मेरठ।** मेरठ के मोदीपुरम क्षेत्र में बुधवार दोपहर उस समय सनसनी फैल गई जब एक सिरफिरे युवक ने फरसा लेकर स्कूल-कॉलेज की छात्राओं और राहगीरों पर अचानक हमला कर दिया। घटना ईशा प्लाईवुड के सामने हुई, जहां देखते ही देखते अफरा-तफरी मच गई और लोग जान बचाकर इधर-उधर भागने लगे।



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आरोपी के हाथ में धारदार फरसा था और वह सामने आने वाले लोगों पर अंधाधुंध वार करता जा रहा था। हमले में एक व्यक्ति की गर्दन पर गंभीर चोट आई है, जिसे तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसके अलावा कई अन्य लोग भी घायल हुए हैं, जिनमें कुछ की हालत नाजुक बताई जा रही है।

हमलावर ने पास के एक स्कूल की छात्राओं की ओर भी बढ़ने की कोशिश की, लेकिन छात्राएं सतर्कता दिखाते हुए वहां से भाग निकलीं,

### एक की गर्दन पर वार, कई घायल

जिससे बड़ा हादसा टल गया। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है और अभिभावक बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंतित नजर आए।

स्थानीय लोगों ने साहस दिखाते हुए आरोपी को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है तथा हमले के पीछे की वजहों की जांच जारी है।

### एसआईआर में तेजी

## 1.15 करोड़ सुनवाई पूरी, 3.26 करोड़ मतदाताओं को नोटिस

**यूनिक समय, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत मतदाता सूची अद्यतन का कार्य तेज़ी से जारी है। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बुधवार को प्रेसवार्ता में बताया कि अब तक 1 करोड़ 15 लाख मतदाताओं की सुनवाई पूरी की जा चुकी है। वर्तमान में 13,161 अधिकारी इस प्रक्रिया में तैनात हैं और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए बीएलओ द्वारा सुनवाई की फोटो भी ली जा रही है। उन्होंने बताया कि बिना मैपिंग वाले 1 करोड़ 4 लाख मतदाताओं को नोटिस जारी किए गए हैं, जबकि कुल 3 करोड़ 26 लाख मतदाताओं को नोटिस भेजे गए हैं। नए मतदाताओं के पंजीकरण के लिए 54,40,156 फॉर्म-6 प्राप्त हुए हैं। विभाग का विशेष ध्यान महिला और युवा मतदाताओं पर है। 18 से 19 वर्ष



आयु वर्ग से 9,11,779 आवेदन मिले हैं। फॉर्म-7 के तहत 1,40,425 नाम हटाने के आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 55,752 महिलाएं, 84,667 पुरुष और 6 थर्ड जेंडर शामिल हैं। इनमें से 70,865 आवेदनों में लोगों ने स्वयं नाम कटवाने का अनुरोध किया। अब तक 23,935 नाम हटाए जा चुके हैं। रिणवा ने बताया कि सपा के आरोपों की जांच में संबंधित नाम सूची में पाए गए, जबकि मैनपुरी में बूथ दूरी की शिकायत सही मिली, जिसे जल्द सुधारा जाएगा।

## सार संक्षेप

### फैमिली ट्रैवल की आड़ में हेरोइन तस्करी, तीन गिरफ्तार

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने दिल्ली-एनसीआर में भोपुरा बॉर्डर के पास इंटरस्टेट हेरोइन कार्टेल का भंडाफोड़ कर 1.504 किलोग्राम हेरोइन बरामद की, जिसकी कीमत करीब 7.5 करोड़ रुपये है। इस मामले में पति-पत्नी समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। आरोपी फैमिली ट्रैवल की आड़ में टैक्सी से ड्रग्स ले जा रहे थे ताकि शक से बच सकें। पुलिस अब सप्लाई चेन और नेटवर्क की जांच कर रही है।

### पाकिस्तान बॉर्डर पर 'बैटल एक्स' में गरजे भीष्म-वज्र

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** राजस्थान के जैसलमेर सेक्टर में पाकिस्तान सीमा के पास भारतीय सेना की कोनार्क कोर ने 'बैटल एक्स' युद्धाभ्यास किया। इस दौरान टी -90 भीष्म टैंक और के -9 वज्र तोपों ने काल्पनिक दुश्मन ठिकानों पर सटीक प्रहार किया। सेना ने 'सेंसर टू शूटर' समन्वय, ड्रोन निगरानी और तेज रेस्पांस क्षमता का प्रदर्शन किया, जिससे रेगिस्तानी युद्ध में मारक क्षमता साबित हुई।

### एस्टेरॉयड खतरे पर नासा की चेतावनी

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** नासा की ग्रह रक्षा अधिकारी केली फास्ट ने चेतावनी दी है कि पृथ्वी के पास हजारों अनदेखे एस्टेरॉयड मौजूद हैं, जिनमें से कई "शहर-नाशक" क्षमता रखते हैं। लगभग 25,000 निकट-पृथ्वी पिंडों में से केवल 40% की पहचान हो पाई है। मध्यम आकार (करीब 500 फीट) के एस्टेरॉयड सबसे चिंताजनक हैं। इन्हें खोजने के लिए जल्द 'नियर-अर्थ ऑब्जेक्ट सर्वेयर' दूरबीन लॉन्च करेगा।

### ईरान-अमेरिका परमाणु वार्ता में प्रगति, 'रेड लाइन' पर अडिग रुख

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** ईरान-अमेरिका के बीच परमाणु कार्यक्रम पर दूसरे दौर की वार्ता में "मार्गदर्शक सिद्धांतों" पर सहमति बनी है। ईरान के विदेश मंत्री ने इसे प्रारंभिक प्रगति बताया। वहीं अमेरिकी उपराष्ट्रपति ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को समाप्त करना अमेरिका की "रेड लाइन" करार दिया, हालांकि कई मुद्दों पर चर्चा बाकी है।

### बारिश अलर्ट, हरियाणा-पंजाब में ओले संभव

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** पश्चिमी विक्षोभ के असर से आज कई राज्यों में मौसम बदला रहेगा। हल्की बारिश की संभावना है और गरज के साथ बारिश और ओले गिर सकते हैं। दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत में हवाएं 30-40 किमी/घंटा चल सकती हैं।

### बॉम्बे हाई कोर्ट में विजय माल्या: वापसी की तारीख तय नहीं

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** बॉम्बे हाई कोर्ट में विजय माल्या ने बताया कि वे भारत लौटने की निश्चित तारीख नहीं दे सकते। उनके वकील ने कहा कि यूके यात्रा प्रतिबंध और पासपोर्ट रद्द होने के कारण वापसी संभव नहीं है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि माल्या के भारत लौटने तक उन्हें भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित करने के खिलाफ याचिका पर सुनवाई नहीं होगी। माल्या 2016 से यूके में रह रहे हैं और धोखाधड़ी व मनी लॉन्ड्रिंग मामलों का सामना कर रहे हैं।

### इंडिया-ईयू एफटीए से 'स्वर्णिम युग' की शुरुआत

# पीएम मोदी की स्पेन और फिनलैंड नेताओं से मुलाकात





**यूनिक समय, नई दिल्ली।** भारत मंडपम में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो 2026 के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पेन के राष्ट्रपति पेड्रो सांचेज और फिनलैंड के प्रधानमंत्री पेट्टेरी ओरपो से अलग-अलग द्विपक्षीय वार्ता की। इस दौरान पीएम मोदी ने भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते को भारत-यूरोप संबंधों में "स्वर्णिम युग" की शुरुआत बताया।

स्पेन के राष्ट्रपति सांचेज के साथ बैठक में रक्षा, सुरक्षा और प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई। दोनों देशों ने वर्ष 2026 को भारत-स्पेन संस्कृति, पर्यटन और एआई वर्ष के रूप में मनाने पर जोर दिया, जिससे जन-जन संपर्क और मजबूत होगा। पीएम मोदी ने कहा कि हालिया भारत-ईयू एफटीए से भारत और स्पेन के बीच आर्थिक साझेदारी को नई गति मिलेगी और दोनों देशों के लोगों के लिए अवसर बढ़ेंगे।

वहीं, फिनलैंड के प्रधानमंत्री ओरपो के साथ बैठक में प्रौद्योगिकी और नवाचार पर विशेष ध्यान दिया गया। दोनों देशों ने द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करने का लक्ष्य रखा। 6 जी, स्वच्छ ऊर्जा, बायोफ्यूल और सर्कुलर इकोनॉमी जैसे भविष्योन्मुखी क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति बनी।

पीएम मोदी ने एफटीए के समर्थन के लिए ओरपो का आभार भी जताया। इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो 2026 में 600 से अधिक स्टार्टअप्स, 13 देशों के पवेलियन, 20 से अधिक राष्ट्राध्यक्ष और 500 वैश्विक एआई नेता भाग ले रहे हैं। यह आयोजन भारत को वैश्विक तकनीकी और आर्थिक साझेदारी के केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।

### बारामती विमान हादसा

# बिना तथ्य आरोप लगाना गलत : मंगल प्रभात लोढ़ा



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** बारामती विमान हादसे में अजित पवार की मौत के बाद महाराष्ट्र की सियासत गरमा गई है। एनसीपी नेता रोहित पवार द्वारा हादसे को साजिश करार देने पर राज्य सरकार के मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा ने कड़ा पलटवार किया है। लोढ़ा ने कहा कि बिना पुख्ता तथ्यों के किसी भी तरह का आरोप लगाना उचित नहीं है और जांच पूरी होने तक निष्कर्ष निकालना गलत होगा।

लोढ़ा ने बताया कि घटना के तुरंत बाद मुख्यमंत्री ने डायरेक्टर ऑफ सेफ्टी को जांच के निर्देश दिए थे, जो अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप सामान्य प्रक्रिया है। विमान का ब्लैक बॉक्स बरामद कर लिया गया है और जरूरी तकनीकी जानकारियां जुटाई जा रही हैं। उन्होंने दोहराया कि आधिकारिक रिपोर्ट आने से पहले किसी साजिश की बात करना गैरजिम्मेदाराना है। दरअसल, मुंबई में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान रोहित पवार ने दावा किया था कि हादसे के दिन दृश्यता मानकों से कम थी, फिर भी विमान को उतारा गया।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि जरूरत से ज्यादा ईंधन भरा गया था और अतिरिक्त कैन रखे गए थे, जिससे टक्कर के बाद विस्फोट हुआ। इसी कार्यक्रम में लोढ़ा ने शिक्षा और व्यक्तित्व विकास पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि सिर्फ अकादमिक पढ़ाई नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी और आपदा प्रबंधन जैसी क्षमताएं भी जरूरी हैं, ताकि आपात स्थितियों में प्रभावी प्रतिक्रिया दी जा सके।

### 'नाड़ा खींचना दुष्कर्म की कोशिश': सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट का आदेश पलटा

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम फैसले में कहा कि पायजामे का नाड़ा खींचना और स्तन छूना दुष्कर्म की कोशिश की श्रेणी में आता है। अदालत ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें इसे केवल दुष्कर्म की तैयारी माना गया था। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस एनवी अंजारिया की पीठ ने कहा कि हाईकोर्ट ने आपराधिक न्यायशास्त्र के सिद्धांतों का गलत प्रयोग किया। सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेकर 10 फरवरी को फैसला पलटा और पोक्सो कानून के तहत आरोपियों पर दुष्कर्म की कोशिश के आरोप बहाल कर दिए। मामला 2021 का है, जब 14 वर्षीय नाबालिग से छेड़छाड़ और नाड़ा खींचने का आरोप लगा था। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि आरोपों से स्पष्ट रूप से दुष्कर्म की मंशा झलकती है।

### रोबोडॉग विवाद के बाद बड़ा कदम


# गलगोटिया यूनिवर्सिटी को एआई समिट एक्सपो खाली करने का आदेश




**यूनिक समय, नई दिल्ली।** दिल्ली में चल रहे एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान रोबोटिक डॉग के डिस्प्ले को लेकर उठे विवाद ने तूल पकड़ लिया है। सूत्रों के मुताबिक, ग्रेटर नोएडा स्थित गलगोटिया यूनिवर्सिटी को समिट स्थल तुरंत खाली करने का निर्देश दिया गया है। यह कार्रवाई उस वीडियो के वायरल होने के बाद हुई, जिसमें यूनिवर्सिटी के प्रतिनिधि एक रोबोटिक डॉग को अपने सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का प्रोडक्ट बताते नजर आए।

जांच में सामने आया कि प्रदर्शित रोबोट असल में यूनिटिरी जीओ 02 मॉडल है, जिसे चीनी कंपनी बनाती है। समिट में इसे "ओरियन" नाम से पेश किया गया था, जिसके बाद सोशल मीडिया पर सवाल उठने लगे। विवाद बढ़ने पर यूनिवर्सिटी की प्रोफेसर डॉ. ऐश्वर्या श्रीवास्तव ने सफाई देते हुए कहा कि संस्थान ने कभी यह दावा नहीं किया कि रोबोडॉग उन्होंने बनाया है। उनके अनुसार, यह केवल एआई निवेश और प्रशिक्षण गतिविधियों का हिस्सा था। यूनिवर्सिटी ने आधिकारिक बयान जारी कर इसे "गलतफहमी" और "प्रोपेगैंडा" करार दिया है। फिलहाल मामले ने तकनीकी प्रदर्शन में पारदर्शिता को लेकर नई बहस छेड़ दी है।

# लंच ब्रेक में निकली बैंक कर्मी की तेज रफ्तार बाइक से मौत



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु के राजाजीनगर इलाके में मंगलवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे में 26 वर्षीय महिला की मौत हो गई। मृतका योगेश्वरी एक निजी बैंक में कार्यरत थीं और लंच ब्रेक के दौरान सड़क पार करते समय तेज रफ्तार बाइक की चपेट में आ गईं।

पुलिस के अनुसार, हादसा दोपहर करीब 12:45 बजे हुआ। योगेश्वरी एचडीएफसी बैंक की राजाजीनगर शाखा में कार्यरत थीं। वह ऑफिस के सामने सड़क पार कर रही थीं, तभी तेज गति से आ रही बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वह कई फीट दूर जा गिरीं और गंभीर रूप से घायल हो गईं। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तुरंत नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन अंदरूनी चोटों और अत्यधिक रक्तस्त्राव के कारण रात करीब 11:30 बजे उन्होंने दम तोड़ दिया। पुलिस ने बाइक सवार के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हादसे का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें बाइक सवार को तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाते देखा जा सकता है। घटना के बाद इलाके के लोगों और बैंक कर्मचारियों में आक्रोश है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि व्यस्त सड़कों पर गति सीमा का पालन नहीं होने से पैदल चलने वालों की जान खतरे में रहती है।

# रमजान में एक घंटे की छूट पर विवाद तेलंगाना सरकार के फैसले पर उठे सवाल



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** तेलंगाना सरकार ने रमजान के पवित्र महीने के दौरान मुस्लिम सरकारी कर्मचारियों को एक घंटे पहले कार्यालय से जाने की अनुमति देने का निर्णय लिया है। सरकार का कहना है कि यह कदम कर्मचारियों को नमाज और रोजा से जुड़ी धार्मिक जिम्मेदारियां निभाने में सहूलियत देने के लिए उठाया गया है। रमजान 19 फरवरी से शुरू होने जा रहा है। हालांकि इस फैसले को लेकर विवाद खड़ा हो गया है।

अयोध्या के कुछ संतों ने इसे हिंदुओं के साथ भेदभाव बताया है। सिद्धपीठ हनुमानगढ़ी के देवेशाचार्य महाराज ने आरोप लगाया कि यह निर्णय तुष्टीकरण की राजनीति का हिस्सा है।

उनका कहना है कि हिंदू त्योहारों-जैसे नवरात्रि या सावन-के दौरान इस तरह की विशेष छूट नहीं दी जाती। साकेत भवन मंदिर के महंत सीताराम दास ने भी फैसले की आलोचना करते हुए कहा कि सरकार को सभी धर्मों के प्रति समान दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। उनके अनुसार, यदि किसी एक समुदाय को विशेष सुविधा दी जाती है तो अन्य समुदायों के लिए भी समान प्रावधान होना चाहिए। वहीं, राज्य सरकार की ओर से अब तक यह स्पष्ट किया गया है कि यह प्रशासनिक स्तर पर लिया गया निर्णय है, जिसका उद्देश्य धार्मिक आस्था के पालन में सहूलियत देना है।

# राजस्थान बजट पर 'छोरा-छोरी' बयान से विस में हंगामा

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** राजस्थान की राजस्थान विधानसभा में बजट चर्चा के दौरान विवाद खड़ा हो गया। बहादुर सिंह कोली ने मौजूदा सरकार के बजट को "छोरे के जन्म" और पिछली भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस सरकार के बजट को "छोरी के जन्म" से तुलना कर दी। उन्होंने कहा, "हमारा जवानी का बजट है," जबकि पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के अंतिम बजट को चुनावी बताया। इस बयान पर नेता प्रतिपक्ष टीका राम जूली समेत कांग्रेस विधायकों ने कड़ी आपत्ति जताई और इसे महिलाओं के प्रति अपमानजनक बताया।

# शाहपुर कंडी प्रोजेक्ट पूरा होते ही रावी का पानी रोकेगा भारत, पाकिस्तान पर बढ़ेगा दबाव

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** भारत जल्द ही शाहपुर कंडी बैराज परियोजना को 31 मार्च तक पूरा करने जा रहा है। इसके साथ ही रावी नदी का अतिरिक्त पानी अब पाकिस्तान नहीं जाएगा, बल्कि जम्मू-कश्मीर और पंजाब में सिंचाई के लिए इस्तेमाल होगा। अब तक स्टोरेज ढांचे की कमी के कारण यह पानी सीमा पार बह जाता था।

जम्मू-कश्मीर के मंत्री जावेद राणा के अनुसार, इस परियोजना से कठुआ और सांबा जैसे सूखाग्रस्त इलाकों को बड़ी राहत मिलेगी। यह प्रोजेक्ट 32,000 हेक्टेयर से अधिक भूमि की सिंचाई में सहायक होगा, जबकि पंजाब में भी हजारों हेक्टेयर खेतों को फायदा मिलेगा। 1979 में परिकल्पित इस परियोजना की नींव 1982 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने रखी थी, लेकिन आपसी विवादों के कारण यह दशकों तक अटका रहा।

### पंजाब प्रांत में सिंचाई और लाहौर-मुल्तान जैसे शहरों की जलापूर्ति प्रभावित होने की आशंका

पाकिस्तान, जिसकी 80% कृषि सिंधु नदी तंत्र पर निर्भर है, पर इसका असर पड़ सकता है। खासकर पंजाब प्रांत में सिंचाई और लाहौर-मुल्तान जैसे शहरों की जलापूर्ति प्रभावित होने की आशंका है। हालांकि, 1960 की सिंधु जल संधि के तहत रावी सहित पूर्वी नदियों के जल पर भारत का पूर्ण अधिकार है। ऐसे में भारत का कदम संधि के प्रावधानों के अनुरूप माना जा रहा है।

## नगर पंचायत के ईओ का कमाल

# मौके पर आए नहीं, शिकायत का कर दिया निस्तारण



बुधवार को पथवारी मंदिर परिसर में खड़े निजी वाहन।

संवाददाता

**यूनिक समय, फरह (मथुरा)।** नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी ने वाकई कमाल कर दिया। मौके पर आए बिना अतिक्रमण से जुड़ी शिकायत को निस्तारित कर दिया। पुलिस के पाले में अतिक्रमण की गेंद डालकर शिकायत निस्तारण कर दी। लोगों ने ईओ के शिकायत निस्तारण के तरीके पर सवाल उठाया है। कस्बा के लोगों ने फरवरी माह के शुरू में पथवारी मंदिर चौक परिसर में दबंगई से वाहन खड़ा करने और अतिक्रमण होने की शिकायत की थी। आईजीआरएस पर दर्ज कराई गई शिकायत नगर पंचायत के अधिशासी

### अधिकारी ने शिकायत के बारे में किसी से कोई बात नहीं की

अधिकारी को निस्तारित करने के लिए दी गई। करीब 15 दिन तक नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी ने मौके पर आकर शिकायत के बारे में किसी से कोई बात नहीं की। शिकायत निस्तारण के तय दिवस के दिन अचानक शिकायत का निस्तारण कर दिया। अधिशासी अधिकारी ने एसडीएम सदर को प्रेषित शिकायत निस्तारण की आख्या में कहा है कि पुलिस को अतिक्रमण हटाने के लिए निर्देश दिए गए हैं। नगर पंचायत के कर्मचारियों को सफाई के लिए कहा गया है। ऐसे में शिकायत निस्तारित की जाती है।

### शिकायत निस्तारण का संदेश मोबाइल फोन पर मिलने के बाद हलचल


**यूनिक समय, फरह (मथुरा)।** लोगों ने अधिशासी अधिकारी की कार्यशैली पर सवाल उठाया है। लोगों का कहना है कि कस्बे में बीते दो साल में जमकर स्थाई और अस्थाई अतिक्रमण किए गए हैं। नाले-नालियों और फुटपाथ पर कब्जा करने का काम हुआ है, लेकिन ईओ आंख बंद किए बैठे हैं। वहीं, पथवारी चौक परिसर में कई मंदिर हैं, विद्यालय संचालित होता है, होली भी यहां रखी गई है। दर्जनों वाहन यहां खड़े रहते हैं। आसपास के लोगों ने अस्थाई अतिक्रमण भी कर लिए हैं। ऐसे में अतिक्रमण हटाए बिना शिकायत निस्तारित कैसे की जाती है। अब लोगों ने शिकायत निस्तारण के तरीके पर आपत्ति जताई है। निस्तारण पर असंतुष्ट का फीडबैक दिया है।

### चाहिए मजिस्ट्रेटी अधिकार...

**यूनिक समय, फरह (मथुरा)।** नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी शिवकुमार ने कहा कि अतिक्रमण हटाने के लिए मजिस्ट्रेटी अधिकार होना जरूरी है। उनके पास यह अधिकार नहीं है। पुलिस का काम अतिक्रमण हटाना है, इसलिए पुलिस को पत्र लिखकर निर्देश दिए गए हैं।

### बैठक में नहीं आया कोई व्यापारी

**यूनिक समय, फरह (मथुरा)।** कस्बा में व्याप्त अतिक्रमण की समस्या को सुलझाने के लिए प्रभारी निरीक्षक छोटेलाल ने बुधवार को बैठक बुलाई थी। थाने में पूर्वाह्न 11 बजे बुलाई इस बैठक में कोई व्यापारी नहीं आया। इस पर प्रभारी निरीक्षक ने नाराजगी जताते हुए अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई के संकेत दिए हैं।




## जाम की समस्या का समाधान किसके पास, बताएं अधिकारी



भरतपुर गेट से होलीगेट को जाने वाले रास्ते में जाम का नजारा।

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** शहर में किसी जगह चले जाओ, उधर से जाम के नजारे देखने को मिलेंगे। कभी-कभी तो ऐसे हालात होते हैं कि किसी जरूरी काम से निकलने वाला आदमी फंसकर जिम्मेदार अधिकारियों को कोसता नजर आता है। हे भगवान जाम से मुक्ति कब मिलेगी और कौन सा अधिकारी मुक्ति दिलाने आएगा। शहर में दिन निकलने के साथ से लेकर देर रात्रि तक हर चौराहा और हर तिराहा पर जाम की स्थिति दिखाई देती है। डीग गेट से भरतपुर गेट, भरतपुर गेट से होली गेट चौराहा, होली गेट चौराहा से जीआईजी चौराहा, भूतेश्वर तिराहा, श्रीजी बाबा आश्रम, नया बस स्टेशन, भारतीय स्टेट बैंक चौराहा, के आर डिग्री कॉलेज भैंस बहोरा के पास तिराहा पर जाम के नजारे आए दिन देखने को मिलते हैं। हर बार नए अधिकारी आते हैं, जाम से मुक्ति दिलाने का भरोसा दिलाते हैं, लेकिन जाम की समस्या जस के तस बनी रहती है। जनता के मन में एक ही सवाल रहता है कि क्या समाधान किसी के पास है।

## लोकतंत्र बचाओ यात्रा के संयोजक बने संजय बीडीसी



लोकतंत्र बचाओ यात्रा के संयोजक बने संजय बीडीसी का स्वागत करते समर्थक।

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** अखिल भारतीय समता फाउंडेशन की बैठक डॉ. राजेंद्र प्रसाद लोधी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में संजय कुमार बीडीसी को भारत में राजनीतिक क्रांति की अग्रदूत काशीराम के जन्मोत्सव 15 मार्च को आयोजित लोकतंत्र बचाओ यात्रा का सर्व सहमति से संयोजक घोषित किया गया है। पदाधिकारियों ने संजय बीडीसी का साफा बांध कर स्वागत किया। समाजवादी पार्टी के नेता रमेश सैनी ने कहा कि सभी वर्गों के सहयोग से लोकतंत्र बचाओ यात्रा ऐतिहासिक रूप से आयोजित की जाएगी।

इस मौके पर पूर्व संयोजक दिनेश मिस्त्री, पूर्व संयोजक नरेश चौधरी, पूर्व संयोजक चित्रसेन मौर्य, विशंभर दयाल कर्दम, राजेंद्र फरारी, जितेंद्र कुमार, अजय कुमार, आकाश बाबू, विवेक कुमार तथा बृजलाल कामरेड आदि उपस्थित थे।

## गांव जरारा से झंडा के बीच क्षतिग्रस्त सड़क को दुरुस्त कराने की मांग

**यूनिक समय, टैटीगांव (मथुरा)।** गांव जरारा से झण्डा (टैटीगांव-खैर मार्ग) तक सड़क क्षतिग्रस्त है। सड़क के जीर्ण-शीर्ण अवस्था में होने के कारण आस-पास गांव के लोगों को निकालने में दिक्कत हो रही है। एडवोकेट नीरज रावत ने बताया कि मांट विधानसभा क्षेत्र के गांव-जरारा से झण्डा (टैटीगांव-खैर मार्ग) तक सड़क को करीब तीन वर्ष पूर्व लोकनिर्माण विभाग की ओर से निर्माण कराया गया था। इस मौके संजय मुखिया, अजय शर्मा, देवेंद्र वार्ष्णेय, राहुल तोमर तथा मोहन लाल सारस्वत आदि ने सड़क को दुरुस्त कराने की मांग की है।



टैंटीगांव-खैर मार्ग पर गांव जरारा से झंडा के बीच क्षतिग्रस्त सड़क का नजारा।

## चरखारी कुंज में जलभराव से त्रस्त क्षेत्र के लोगों का फूटा गुस्सा



नगर निगम कार्यालय पर प्रदर्शन करते चरखाली वाली कुंज के लोग।

**यूनिक समय, वृंदावन।** मथुरा-वृन्दावन नगर निगम के वृन्दावन जोन में आने वाले वार्ड संख्या 50 स्थित चरखारी कुंज इलाके में लंबे समय से बनी जलभराव की समस्या को लेकर बुधवार को लोगों के सब्र टूट गया। समस्या से परेशान क्षेत्रवासियों ने एकजुट होकर नगर निगम के जोनल कार्यालय पर प्रदर्शन किया। लोगों का आरोप है कि चरखारी कुंज क्षेत्र में नालियों की नियमित सफाई नहीं हो रही है। जल निकासी की कोई ठोस व्यवस्था नहीं है। यही कारण है कि हल्की बारिश होते ही सड़कों पर पानी भर जाता है। जलभराव से आवागमन पूरी तरह बाधित हो जाता है। बच्चों को स्कूल जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

वहीं गंदे पानी के कारण बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। प्रदर्शनकारियों ने वृन्दावन जोन के सहायक नगर आयुक्त अनुज कौशिक को ज्ञापन सौंपते हुए स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि जलभराव की समस्या का शीघ्र स्थायी समाधान नहीं किया गया, तो वे बड़े आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। प्रदर्शन करने वालों

## चंद्र भान सिंह मथुरा के नए उपायुक्त उद्योग बने

# कार्य भार संभालने के बाद लक्ष्यों को समय पर पूरा करने पर जोर

विशेष संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र के नए उपायुक्त (उद्योग) चंद्र भान सिंह ने कार्यभार ग्रहण किया। कार्यभार संभालते ही उन्होंने विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ बैठक कर स्पष्ट निर्देश दिए कि शासन द्वारा निर्धारित सभी लक्ष्यों को समयबद्ध और गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए। कहा कि उद्योग विभाग की योजनाएं स्वरोजगार को बढ़ावा देने और युवाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने

### कहा, शासन द्वारा निर्धारित सभी लक्ष्यों को गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए

में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। ऐसे में योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना और अन्य स्वरोजगार योजनाओं के लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने आवेदन पत्रों के निस्तारण में अनावश्यक देरी पर नाराजगी जताई। स्पष्ट किया कि पात्र आवेदकों को समय पर लाभ मिलना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक योजना की नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी और प्रगति रिपोर्ट निर्धारित प्रारूप में प्रस्तुत करनी होगी। लापरवाही या उदासीनता किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं की जाएगी। श्री सिंह ने बैंक समन्वय को भी महत्वपूर्ण बताया। कहा कि ऋण स्वीकृति और वितरण की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए। इसके लिए बैंकों के साथ नियमित बैठकें आयोजित की जाएं, ताकि लंबित मामलों का समाधान शीघ्र हो सके। उन्होंने कर्मचारियों से टीम भावना के साथ कार्य करने और आमजन के साथ सौम्य व्यवहार बनाए रखने की अपेक्षा की। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि कार्यालय में आने वाले उद्यमियों और युवाओं को योजनाओं की स्पष्ट जानकारी दी जाए तथा उन्हें आवेदन प्रक्रिया में आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाए। पारदर्शिता और जवाबदेही को प्राथमिकता देते हुए उन्होंने कहा कि सभी कार्य शासन की मंशा के अनुरूप और निर्धारित मानकों के तहत संपादित

स्वामी पवन गौतम के लिए राजकुमार गौतम द्वारा दैनिक यूनिक समय, 6 शंकर विहार, कृष्णा नगर मथुरा 281004 से प्रकाशित एवं बालाजी ऑफसेट प्रिंटिंग प्रेस कृष्णा नगर, मथुरा से मुद्रित। कार्यालय:- यूनिक बिल्डिंग, 289-290 डायबिल नगर, कृष्णा नगर चौक, मथुरा। संपादक-पवन गौतम। मो. 9837155888 E-mail : newsuniquesamay@gmail.com website : uniquesamay.com सभी विवादों का न्यायालय स्थान मथुरा होगा। RNI-UPHIN/2023/85053